रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 16, 1985 (फाल्गुन 25, 1906)
No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 16, 1985 (PHALGUNA 25, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	283
भाग I—खण्ड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	343
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	267
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपलब्धियां आदि भी शामिल हैं)	693
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	1321
भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	29
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश	99
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	7749
भाग III—खंड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	289
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अन्य द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन, और नोटिस शामिल हैं	673
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	43
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	283
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	343
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notification regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	267
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	693
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	1321
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	29
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	99
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	7749
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	289
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	673
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	43
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1985

स० 23-प्रैस/85.—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता के के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

1. श्री बाज सिंह भुल्लर, पी सी एस,
   अर्बन सीलिंग अफसर,
   अमृतसर।

   (पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 अक्तूबर, 1982)

18 अक्तूबर, 1982, को अमृतसर के कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्री बाज सिंह भुल्लर पुलिस के साथ चौक बरबार साहिब अमृतसर में ड्यूटी पर तैनात किए गए थे। श्री हरमोहिन्दर सिंह संघू के नेतृत्व में 400–500 व्यक्तियों की एक हिंसक भीड़ चौक घंटाघर की तरफ से आई और पंजाब रोडवेज की एक बस, पुलिस की एक जीप तथा सराय गुरु रामदास के निकट खड़ी एक और बस को आग लगा दी। उसके बाद हिंसक भीड़ कटरा अहलूवालिया की ओर बढ़ी। जालंधर के पुलिस उप-अधीक्षक सुरजीत सिंह कहलों और अमृतसर के कार्यपालक मजस्ट्रिेट श्री बाज सिंह भुल्लर को इस क्रुद्ध हिंसक भीड़ को चौक कटरा अहलूवालिया की ओर बढ़ने से रोकने को कहा गया था ताकि हिन्दु और सिखों में दंगे न हों। तुरन्त श्री भुल्लर पुलिस दल सहित चौक कटरा अहलूवालिया पहुच गए और स्थिति पर काबू पा लिया। लेकिन कुछ देर बाद ही घातक हथियारों से लैस उस हिंसक भीड़ ने पुलिस दल पर हमला कर दिया और श्री सुरजीत सिंह कहलों को कृपाणों से जख्मी करके ऊपर उठा लिया। हिंसक भीड़ श्री कहलों को जलती हुई बस में डालना चाहती थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए श्री भुल्लर उस हिंसक भीड़ में कूद पड़े और श्री कहलों को बचा लिया। इस कारवाई में श्री भुल्लर के सिर पर चोटें आई और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

इस प्रकार श्री बाज सिंह भुल्लर ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए मानव मात्र की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. श्री अशोक राजा गांगुली,
   विनहाटा कालेज कूच बिहार के छात्र।

   (पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 नवम्बर, 1982)

6 नवम्बर, 1982, को श्री अशोक राजा गांगुली सुपुत्र प्रो० आलोक कुमार गांगुली अपने विनहाटा कालेज प्रोफेसर क्वाटर की पहली मंजिल में अध्ययन कर रहे थे। लगभग 6 लोग अपने आपको विद्यार्थी बताकर उनके कमरे में घुस आए और उनकी ओर पाइप गन तानकर धमकी देते हुए कहा कि घर में रुपया-पैसा और जो भी कीमती चीजें हों हमारे हवाले कर दो। शोरगुल सुनकर प्रो० आलोक कुमार गांगुली कमरे में आए परन्तु लुटेरों ने तुरन्त बन्दूक उनकी तरफ तान दी। पिता की मौत का खतरा देख अशोक गांगुली लुटेरों से भिड़ गए और उनसे बंदूक छीन ली। उसी दौरान उन्हें छुरा मार दिया गया। तब प्रो० गांगुली ने बचाव के लिए।
आए और लुटेरे
निकले। छुरे के घाव के बावजूद अशोक गांगुली ने उनका पीछा किया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

इस प्रकार श्री अशोक राजा गांगुली ने अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना साहस और शौर्य का परिचय दिया।

3. 2851342 नायब सूबेदार जसवन्त सिंह, (मरणोपरान्त)
   मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री।

   (पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 नवम्बर, 1982)

10 नवम्बर, 1982, को जब मिलिटरी विशेष ट्रेन टुण्डला साउथ यार्ड में रुकी हुई थी तो एक विस्फोट की आवाज सुनाई दी और 3 टन वाहन पर रखी हुई कोई चीज सुलगती हुई दिखाई दी। उस गाड़ी के प्रशासनिक जे सी ओ नायब सूबेदार जसवंत सिंह और कुछ अन्य जवानों ने यह दृश्य देखा और तत्काल घटनास्थल की ओर भागे। उसकी घेरा-बंदी और आग बुझाने के लिए एक दल का गठन करने के बाद नायब सूबेदार जसवंत सिंह ने तारपोलीन काट देने और उसे नीचे खींचने का आदेश दिया ताकि आग बुझाई जा सके। आग बुझाने वाले दल के सदस्यों का उन्होंने स्वयं नेतृत्व किया तथा एक तरफ के रस्सों को कुल्हाड़ी से काटने लगे। जैसे ही दल के एक सदस्य हवलदार कान सिंह तारपोलीन खींचने के लिए बोनट के ऊपर चढ़े उन्होंने देखा कि नायक श्याम सिंह वहां पड़े हुए थे और उनके कपड़ों में आग लगी हुई थी। नायक श्याम सिंह को बचाते हुए उन्हें बिजली का शाक लगा और तारपोलीन खींच रहे अन्य सभी कार्मिकों को भी उससे बिजली का थोड़ा-बहुत झटका लगा। उसी दौरान नायब सूबेदार जसवंत सिंह को भी बिजली का भारी झटका लगा और वे दूर जाकर गिरे उन्हें रेलवे अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार जसवंत सिंह ने साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. 2862419 हवलदार कान सिंह, (मरणोपरान्त)
   मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री।

   (पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 नवम्बर, 1982)

10 नवम्बर, 1982, को जब मिलिटरी विशेष ट्रेन टुण्डला साउथ यार्ड में रुकी हुई थी तो एक विस्फोट की आवाज सुनाई दी और 3 टन वाहन पर रखी हुई कोई चीज सुलगती हुई दिखाई दी। उस गाड़ी के प्रशासनिक जे सी ओ नायब सूबेदार जसवंत सिंह ने भी वाहन के ऊपर कोई चीज सुलगती हुई देखी। हवलदार कान सिंह आग बुझाने के लिए बनाए गए दल के नेता बनाए गए उस दल ने तारपोलीन को काटना शुरु किया। हवलदार कान सिंह तारपोलीन खींचने के लिए बोनट के उपर चढ़े। बोनट पर खड़े होते ही उन्होंने नायक श्याम सिंह को नीचे पड़े हुए देखा। उनके कपड़ों पर आग लगी हुई थी। नायक श्याम सिंह को नीचे उतारने के लिए हवलदार कान सिंह बोनट से और उपर चढ़े लेकिन इतने में ही उन्हें बिजली का जोरदार झटका लगा और उनका सारा शरीर झुलस गया। उन्हें तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई।

5 जी-27270 डी एम ई अमर सिंह,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 27 मार्च, 1983)

डी एम ई अमर सिंह मार्च से मई, 1983, के दौरान कारगिल लेह सड़क पर बर्फ हटाने के लिए डोजर चला रहे थे। हिमखंडों के बार-बार गिरने से यह काम हर कदम खतरे से भरा था और इस काम को शून्य से कम तापमान मे पूरा करने के लिए काफी सहनशक्ति और आत्म-संयम की जरूरत थी।

10 मार्च, 1983, को श्री अमर सिंह और उनका एक साथी एक हिमखंड के नीचे दब गए। सौभाग्य से उन्हे कोई चोट नहीं आई और वे फिर से डोजर चलाने मे लग गए।

27 मार्च, 1983, को 265 वे कि०मी० पर श्री अमर सिंह अपनी मशीन समेत दुबारा बर्फ के नीचे दब गए। 45 मिनट बर्फ हटाने के बाद उन्हे बाहर निकाला गया। लेकिन वे भयभीत नहीं हुए और अगले चौदह दिनो तक लगातार बर्फ हटाने के काम मे लगे रहे। बहुत विषम परिस्थितियो मे बराबर डटकर काम करते रहने से उनके अन्य साथियो का साहस बढ़ा और उन्हे ऊंचे बर्फीले पहाड़ो पर काम करने की प्रेरणा मिली।

इस प्रकार श्री अमर सिंह ने धैर्य, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

6 74510 राइफलमैन मनसु लिशु,
असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 28 मार्च, 1983)

28 मार्च, 1983, को 7 असम राइफल्स के राइफलमैन मनसु लिशु जो छुट्टियो मे अपने गांव गांधी ग्राम गए हुए थे, को बताया गया कि दो अनजान व्यक्ति जिनमे से एक के पास हथियार थे उस इलाके मे देखे गए थे।

राइफलमैन मनसु लिशु गाव के कुछ लोगों का साथ लेकर तुरन्त उस जगह की ओर दौड़े जहा उन अनजान व्यक्तियो को देखा गया था। वहां पहुंचते ही उन्होने अहुई अक्षेमाफा लिशु नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को छिपने के स्थान से पकड़ लिया। दूसरा संदिग्ध व्यक्ति अखिजान फन्था लिशु अपना शस्त्र लेकर वहां से भाग खड़ा हुआ। लेकिन वह चारो ओर से घिर गया। श्री मनसु लिशु ने उसे ललकारा और उस पर कूद पड़े। उस पर उस संदिग्ध व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। सौभाग्य से गोली का निशाना चूक गया लेकिन एक ग्रामवासी बारूद से थोड़ा जल गया। फिर भी संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा गया।

इस प्रकार राइफलमैन मनसु लिशु ने पहल-शक्ति, साहस, सूझबूझ और उच्चकोटि की जन-हित भावना का परिचय दिया।

7. जी-19955 डी एम ई सच्चिदानन्द, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 अप्रैल, 1983)

जी–19955 डी–एम ई सच्चिदानन्द को श्रीनगर-लेह सड़क के द्रास-कारगिल क्षेत्र मे बर्फ हटाने के काम पर लगाया गया था। श्री सच्चिदानन्द को जो काम सौंपा गया था वह हर कदम खतरे से भरा हुआ था। 6 अप्रैल, 1983, को अचानक ऊपर पहाड़ से बर्फ फिसली और नीचे आते-आते उसने विशाल हिमखंड का रूप धारण कर लिया। डोजर चालक श्री सच्चिदानन्द के ऊपर वह हिमखंड पूरे जोर से आ गिरा जिससे उनकी मृत्यु ही गई।

इस प्रकार श्री सच्चिदानन्द ने दृढ़ता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. जी–97975 पायनियर बिशन सिंह, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 अप्रैल, 1983)

जी–97975 पायनियर बिशन सिंह को श्रीनगर-लेह सड़क के द्रास-कारगिल क्षेत्र मे डोजर चालक की मदद करने को कहा गया था।

6 अप्रैल 1983, को वह बर्फ हटाने के काम मे लगे थे और डोजर चालक का मार्गदर्शन कर रहे थे। उसी बीच अचानक ऊपर पहाड़ से बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा नीचे की ओर फिसल कर आया और एक बड़े हिमखंड के रूप मे नीचे काम कर रहे पूरे दल के ऊपर आ गिरा। बाद मे पता चला कि चार व्यक्ति वहीं बर्फ मे दब गए और लापता हो गए जिनमे पायनियर बिशन सिंह भी शामिल थे। तीन दिन बाद उनका शव मिला।

इस प्रकार पायनियर बिशन सिंह ने साहस, धैर्य और अति असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9 स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप कुमार तायल, वी एम (10474), उड़ान (पायलट) (सेवा निवृत्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 21 अप्रैल, 1983)

स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप कुमार तायल अक्तूबर, 1977, से हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड मे परीक्षण उड़ान कार्यों मे सलग्न रहे हैं। 21 अप्रैल, 1983, को एक बार उन्हे अजीत विमान मे हाइड्रालिक खराबी का सामना करना पड़ा जिसकी वजह से नोज अडरकैरिज को झुकाने मे रुकावट पैदा हो गई। अडरकैरिज को नीचा करने की कोशिश मे विमान का इंजन भी बंद हो गया। उस आकस्मिक सकट से निपटने में उन्होने बड़े साहस तथा कौशल का परिचय दिया और जो तोड़ कोशिश करके इंजन को फिर से चालू करने और अडरकैरिज को नीचा करने में सफल हो गए। जिसके फलस्वरूप वे सुरक्षित नीचे उतर आए और विमान भी सही सलामत बच गया।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर प्रदीप कुमार तायल ने असाधारण साहस, धैर्य, अद्वितीय सूझबूझ, व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

10 लेफ्टिनेंट कर्नल मदन लाखी थडानी (आई०सी०–1702), आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 15 जून, 1983)

लेफ्टि० कर्नल मदन लाखी थडानी उड़ान प्रशिक्षक हैं। वे उत्तर और पूर्व सिक्किम के दुर्गम क्षेत्रो मे उड़ान प्रशिक्षण कार्य मे लगे हैं। 15 जून, 1983, को सूचना मिली थी कि "जानसनो" चोटी पर जो 24482 फुट ऊंची है सिवानी अभियान के दो सदस्यो को बचाने के लिए तत्काल मिशन भेजा जाए। वे दो सदस्य 18000 फुट ऊंचाई पर बेस कैंप मे घायल पड़े थे। लेफ्टिनेंट कर्नल मदन लाखी थडानी को बचाव कार्य के लिए भेजा गया। उन्होने बहुत खराब मौसम मे 18000 फुट की ऊंचाई पर चट्टानो और बर्फ से ढंके इलाके मे अपना हैलीकाप्टर उतारा, घायलो को हैलीकोप्टर मे बिठाया और उन्हे बेस अस्पताल पहुंचा दिया गया।

इस प्रकार लेफ्टिनेट कर्नल मदन लाखी थडानी ने साहस, व्यावसायिक क्षमता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11 जी–129181 पायनियर एन० राजन,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 जून, 1983)

फुंटशोलिंग थिम्पू सड़क भूटान की सबसे महत्वपूर्ण सड़क है क्योकि भूटान की राजधानी तथा अन्य महत्वपूर्ण जिलो के सचार का यही एक मात्र साधन है। 18 जून, 1983, को मूसलाधार वर्षा के कारण इस सड़क के 20.350वे किलोमीटर के पास भारी भूस्खलन हुआ जिससे सारी सचार व्यवस्था भग हो गई। मौसम बहुत खराब होने के कारण उस भूस्खलन को साफ करना कठिन और जोखिमपूर्ण हो गया था।

धुंध के कारण वहां दिखाई भी बहुत कम पड़ रहा था इसलिए जी–129181 पायनियर एन० राजन को भूस्खलन के कारण ध्वस्त सड़क के मध्य भाग मे तैनात किया गया ताकि वह सड़क ठीक करने वाले डोजर चालक को उपर से भूस्खलन या शिलाखड के गिरने के समय पर चेतावनी देकर उन्हे बचा सकें। उपर से गिरते हुए शिलाखंडो की

परवाह किए बिना पायनियर एन० राजन अपनी जान को जोखिम में डालकर बड़ी कुशलता से डोजर चालक को मार्गदर्शन देते रहे उस दौरान उन्हें चोटें भी आईं। उनकी सूझबूझ और समय पर खतरे की सूचना देने से न केवल डोजर और उसके चालक को बचाया जा सका बल्कि बहुत कम समय में सड़क को साफ करना संभव हो सका।

इस प्रकार पायनियर एन० राजन ने साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

12. 4248185 नायक जयगोविन्द सिंह,
बिहार।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 22 जुलाई, 1983)

22 जुलाई, 1983 की रात को मिजोरम में मामपुइ के पास के जंगलों में छिपे विद्रोहियों को पकड़ने के लिए छापामार दल को भेजा गया। छापामारी के दौरान नायक जयगोविन्द सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना विद्रोहियों पर तुरन्त हमला कर दिया। उनकी दिलेरी और साहसिक कार्रवाई से एक विद्रोही मारा गया और अन्य पकड़ लिए गए। इस कार्रवाई में दो राइफलें, 83 राउंड गोली-बारूद और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किये गए।

इस प्रकार नायक जयगोविन्द सिंह ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13. जे०सी०-81234 नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल,
असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 26 जुलाई, 1983)

26 जुलाई, 1983, को नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल उत्तर की ओर से कार्रवाई कर रही टुकड़ी के कमांडर थे और बम्प एरिया की ओर बढ़ रही मुख्य टुकड़ी का फायर सुरक्षा प्रदान करने का काम सौंपा गया था। वह टुकड़ी बंप एरिया से लगभग 500 गज की दूरी पर ही थी कि विद्रोहियों ने उस पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। तब नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल से कहा गया कि वे आगे एक मजबूत स्थान पर मोर्चा सभालें और विद्रोहियों पर गोलीबारी करते रहें। वे तुरन्त उस स्थान की ओर आगे बढ़े जहां विद्रोही गोलीबारी कर रहे थे। उनकी इस कार्यवाही से वे घबरा गए और उससे मुख्य टुकड़ी का आगे बढ़ना आसान हो गया। छिपे विद्रोही दुविधा में भाग खड़े हुए लेकिन नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल की टुकड़ी की गोलीबारी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास जंगलों में छिपने में नाकामयाब बना दिया।

उसके तुरन्त बाद नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल को आदेश दिया गया कि वे और आगे बढ़ें और दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में छिपे विद्रोहियों की तलाश करना शुरू कर दें। वह मुख्य टुकड़ी जब लगभग 2 किलोमीटर आगे बढ़ी तो छिपे विद्रोहियों ने फिर से गोलीबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल ने उत्तर की ओर से जाकर देखा कि एक विद्रोही भी सभाले हुए था और फायर करने ही वाला था। दोनों में हाथापाई हुई लेकिन नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल ने उस पर काबू पा लिया और उसे धर पटका। उनकी समय पर की गई कार्रवाई से न केवल चोटी के विद्रोही और कुख्यात स्वयंभू लेफ्टिनेंट थींगो को पकड़ने में मदद मिली बल्कि सैनिकों का जीवन भी बचाया जा सका।

इस प्रकार नायब सूबेदार ज्योति प्रसाद नौटियाल ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

14. 82156 नायक मिचु खेमलुगन,
असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 26 जुलाई, 1983)

82156 नायक मिचु खेमलुगन 8 असम राइफल्स की डेनशोइ चौकी पर तैनात थे जो भारत-बर्मा सीमा के बहुत पास है। इस चौकी का काम भूमिगत नागाओं (यू०जी०) जिनके कैम्प बर्मा में थे, की सीमा पार गतिविधियों पर नजर रखना था। 26 जुलाई, 1983, को नायक मिचु खेमलुगन को सूचना मिली कि कुछ भूमिगत नागा सीमा में घुस आना चाहते थे और उस क्षेत्र में मार्गदर्शन कराने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। वह उस टुकड़ी को उस स्थान की ओर ले गए जहां भूमिगत नागाओं के छिपे होने की संभावना थी और वे ठीक उस समय वहां पहुंचे जबकि छिपे नागा उसी जगह वापस लौट रहे थे। सामना होते ही छिपे नागाओं ने गोली बारी शुरू कर दी। किसी को प्रतीक्षा किए बिना नायक मिचु खेमलुगन एक भूमिगत नागा पर झपट पड़े और जीन में बने शस्त्र के साथ उसे पकड़ लिया। बिजली के समान तेजी से की गई इस कार्रवाई के कारण अन्य भूमिगत नागा हतोत्साहित हो गए और सीमा पार भाग निकले।

इस कार्यवाही में नायक मिचु खेमलुगन ने पहल-शक्ति, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. 4050829 लांस हवलदार गबर सिंह नेगी,
गढ़वाल राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 22 अगस्त, 1983)

22 अगस्त, 1983, को लांस हवलदार गबर सिंह नेगी एक हमला टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे जिसे मिजो नेशनल फ्रंट के घात लगातार घेरे गए दो सशस्त्र विद्रोहियों को पकड़ने का आदेश दिया गया था। विद्रोहियों ने आत्म-समर्पण करने की बजाए भाग निकलने की दुस्साहसपूर्ण चेष्टा की। विद्रोहियों की गोलीबारी के बीच लांस हवलदार गबर सिंह व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी हमला टुकड़ी को लेकर उन्हें पकड़ने दौड़ पड़े और अपनी सब-मशीन कारबाइन से अचूक निशाना लगाकर एक विद्रोही को मार गिराया।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार गबर सिंह नेगी ने साहस, पहल-शक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

16. कैप्टन पवन चन्द्र भंडारी (आई०सी०-27743),
आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 सितम्बर, 1983)

6 सितम्बर, 1983, को कैप्टन पवन चन्द्र भंडारी की 23100 फुट की ऊंचाई पर स्थित कुन चोटी पर आस्ट्रियन पर्वतारोहण अभियान की एक महिला के पहाड़ों में फंस जाने पर उसके बचाव के लिए भेजा गया था। कैप्टन भंडारी को हेलिकोप्टर से बाहर निकलकर आहत महिला तक पहुंचने के लिए काफी दूर तक चलना भी था। रास्ते में वे खुद एक पहाड़ी दरार में फंस गए लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्हें उस महिला को बाहर निकालकर और खुद उठाकर हेलिकोप्टर तक लाना पड़ा।

इस प्रकार कैप्टन पवन चन्द्र भंडारी ने असाधारण साहस, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. कैप्टन गुरजीत सिंह बाजवा (आई०सी०-29693), वीर चक्र,
आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 6 सितम्बर, 1983)

6 सितम्बर, 1983, को कैप्टन गुरजीत सिंह बाजवा को कुन चोटी की पहाड़ियों में आस्ट्रिया के पर्वतारोहण अभियान दल की एक महिला के पहाड़ में फंस जाने पर उसको बचाने के लिए एक बचाव मिशन भेजा गया। कैप्टन गुरजीत सिंह बाजवा ने अपना हेलिकोप्टर 19800 फुट की ऊंचाई पर ऐसे स्थान पर उतारा जो गहरी हिम दरारों से छितरा पड़ा था और उसकी ऊपरी सतह बिना जमी हिम से ढकी हुई थी जो घातक हो सकती थी और अपने सह-पायलट की मदद से महिला को वहां से सुरक्षित ले आए।

इस प्रकार कैप्टेन गुरजीत सिंह बाजवा ने साहस, पहल-शक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

18. 13734745 भूतपूर्व नायक बलवान सिंह, (सेवा निवृत्त), 8 जाक राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 8 सितम्बर, 1983)

8 सितम्बर, 1983, को सूचना मिली कि शत्रुओं के दो एजेंट देखे गए जो महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्र के पास के गांव में पहुंचने वाले थे और उनमें से एक के पास पिस्तौल थी। जैसी ही वे दोनों एजेंट गांव में पहुंचे वहां के कुछ लोग उस पर नजर रखने के लिए उनके पीछे हो लिए। नायक बलवान सिंह (सेवानिवृत्त) जो उसी गांव के निवासी हैं, नजर बचाकर उनके पीछे लग गए और पिस्तौल की मार से अपने को दूर रखते हुए आगे बढ़ते रहे। जैसे ही उन्होंने देखा कि घुसपैठिए पूरी तरह सतर्क नहीं हैं वे उन पर झपट पड़े। उस झड़प के दौरान एक घुस पैठिए ने उन पर पिस्तौल से गोली चलाने की, कोशिश की लेकिन तब तक गांव के अन्य व्यक्ति भी उनकी सहायता के लिए पहुंच चुके थे। अतः उन्होंने उन दोनों घुसपैठियों पर काबू पा लिया। बाद में जांच पड़ताल करने पर पता चला कि वे दोनों जासूस थे और अनधिकृत रूप से भारत की सीमा में घुस आए थे तथा तोड़-फोड़ के इरादे से जम्मू जाना चाहते थे। दोनों को सेना अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया।

इस कार्रवाई में नायक बलवान सिंह ने अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति और उच्चकोटि की जन हित की भावना का परिचय दिया।

19. जी ओ–705 श्री विनय कुमार बसु, कार्यकारी इंजीनियर (सिविल)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 सितम्बर, 1983)

10/11 सितम्बर, 1983, की रात उत्तरी सिक्किम के मानुल (स्वस्तिक परियोजना) के पास भीषण भूस्खलन हुआ जिसमें जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कार्मिकों के मकान, मजदूरों की झोंपड़ियां और सरकारी भंडार घर पूरी तरह मिट गए या दब गए।

अफसर कमांडिंग श्रीविनय कुमार बसु, कार्यकारी इंजीनियर (सिविल) ने तुरंत बचाव और राहत कार्यों के लिए अपने साथ काम करने वाले लोगों को प्रेरित किया जिसके फलस्वरूप वे लाखों रुपये की लागत का सरकारी सामान बचाने में सफल हुए। उत्तरी सिक्किम राज मार्ग को यातायात के लिए फिर से चालू करने के लिए स्वयं आवश्यक निर्णय लेकर काम आगे बढ़ाया जिससे थोड़े ही समय में वह सड़क फिर तैयार कर ली गई।

इस प्रकार श्री विनय कुमार बसु, कार्यकारी इंजीनियर (सिविल), ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. जी ओ–807 ए ई ई (सी) हर भजन सिंह साका,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 सितम्बर, 1983)

उत्तरी सिक्किम में 10/11 सितम्बर, 1983, की रात मानुल में एक भीषण भूस्खलन हुआ। दुर्घटनास्थल तक सड़क यातायात पूर्णतया नष्ट-भ्रष्ट हो गया। श्री हरभजन सिंह साका एक अन्य सैक्टर में तैनात थे। सड़क यातायात फिर से चालू करने के लिए उन्हें वहां से बुलाया गया। उन्होंने अपनी कार्यकुशलता के कारण बड़ी जल्दी ही सड़क यातायात पुनः चालू करवा दिया और बहुत कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बड़े सुव्यवस्थित ढंग से काम करके अनेक भूस्खलनों के कारण बंद सड़कों को पुनः यातायात योग्य बनाया।

इस प्रकार श्री हरभजन सिंह साका ने धैर्य, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. जी ओ–1106 ए ई ई (सी) एस०एस०के० सुब्रह्मणियन,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 सितम्बर, 1983)

उत्तरी सिक्किम में 10/11 सितम्बर, 1983, की रात मानुल में एक भीषण भूस्खलन हुआ। दुर्घटनास्थल तक सड़क यातायात पूर्णतया नष्ट-भ्रष्ट हो गया। श्री एस०एस०के० सुब्रह्मणियन भूस्खलन के स्थान के समीप ही तैनात थे। उनकी यूनिट के कार्मिक तथा उनके परिवार उस भूस्खलन के शिकार हो गए थे। उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से सड़क फिर से चालू करने का काम बहुत तेजी से शुरू कर दिया और उसके साथ ही जगह-जगह पर भूस्खलन के कारण सड़क पर जो मलबा आ गया था उसे भी बड़े सुव्यवस्थित ढंग से साफ करवाना आरम्भ किया।

इस प्रकार श्री एस०एस०के० सुब्रह्मणियन ने साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

22. 2675557 सिपाही राम नारायण सिंह, ग्रेनेडियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 नवम्बर, 1983)

5 नवम्बर, 1983, को सिपाही राम नारायण सिंह तीन दिनों की छुट्टी पर 581 अप काचीगुडा एक्सप्रेस से नसीराबाद से अपने गांव भरतापुर जा रहे थे।

जब वह ट्रेन बंदनवारा और सिंघावल रेलवे स्टेशनों से होकर गुजर रही थी उन्होंने अपने बगल के डिब्बे से "बचाओ-बचाओ" की पुकार सुनी। तभी वे ट्रेन रोक ली गई और उन्होंने पांच हथियार बंद डकैतों को ट्रेन से कूद कर खेतों की तरफ भागते देखा। यह देखकर उन्होंने अपने साथी यात्रियों को पीछे आने को कहा और स्वयं ट्रेन से कूदकर उन डकैतों का पीछा करने लगे। डकैतो ने गोली चलाई जिससे दूसरे यात्रीगण तो डर गए लेकिन सिपाही राम नारायण सिंह उनका पीछा करते गए। उन्होंने खेत से एक लाठी उठायी और उससे एक डकैत को मारकर नीचे गिरा दिया। भयानक हाथापाई के बाद जिसमें उन्हें भी चोट लगी एक दूसरे डकैत को भी मार कर गिरा दिया। बाद में उन दोनों डकैतों को पुलिस को सौंप दिया गया।

इस कार्यवाही में सिपाही राम नारायण सिंह ने साहस, शौर्य और उच्चकोटि की जन हित की भावना का परिचय दिया।

23. विंग कमांडर विश्वनाथन नटराजन (10462), उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 28 दिसम्बर, 1983)

विंग कमांडर नटराजन तीसरे भारतीय अंटार्कटिक अभियान के साथ भेजी गई भारतीय वायुसेना की टुकड़ी में शामिल चार एम आई-8 पायलटों में से एक थे। 28 दिसम्बर 1983 को इन्हें जहाज पर से बेस कैम्प तक भारी निर्माण तथा अन्य सामग्री पहुंचाने का काम सौंपा गया। वहां इलाका अनजान और दुर्गम था। अनिश्चित और प्रतिकूल मौसम और बहुत तेज जमीनी हवाओं, फिसलती बर्फ और हर समय धुंधलका छाए रहने के कारण हेलिकोप्टर पर उड़ान करना बहुत कठिन था। इन सभी बाधाओं और अन्य हेलिकोप्टरों के न होने के बावजूद, विंग कमांडर नटराजन तनिक भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 61.30 घंटे में 212 सार्टियां करके सभी दायित्व पूरे किए। यह उन्हीं के सतत प्रयत्नों का फल था कि भारी निर्माण सामग्री पहुंचाई जा सकी और सेना के इंजीनियर समय पर प्राप-स्टेशन का निर्माण पूरा कर सके।

इस प्रकार विंग कमांडर विश्वनाथन नटराजन ने साहस, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

24 सर्जन लैफ्टिनेंट कमांडर आलोक बैनर्जी (75248–टी)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 29 दिसम्बर, 1983)

सर्जन लेफ्टिनेंट कमाडर आलोक बैनर्जी अंटार्कटिक के तृतीय भारतीय अभियान दल के साथ जाने वाले चिकित्सा विशेषज्ञ थे। 29 दिसम्बर, 1983, को उन्हें पता चला कि एक एम आई–8 हेलिकाप्टर समुद्र मे गिर गया। वे शीघ्र ही डेक की तरफ भाग और दल के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर एमरजेंसी मामलों से निपटने मे हाथ बटाया। उन्होंने

विंग कमांडर आर०एस० टंडन, विंग कमांडर बी०डी० मधोक, सार्जेंट ए०वी० जाधव और सार्जेंट एस०बी० गुप्ता को बर्फ की परत में से निकाला और उसके बाद हुए मरीज के हाइपोथर्मिया की सीमा निर्धारित की। उन्होंने सार्जेंट ए०वी० जाधव से शुरू करके, जिनकी हालत खराब थी, हाइपोथर्मिया के प्रभाव को मिटाने के लिए एमरजेंसी व्यवस्था की। वे हाइपोथर्मिया के दुष्प्रभाव को जल्दी समाप्त करने में सफल हुए और सभी मरीजों की हालत को और ज्यादा बिगड़ने से बचा लिया। उसके बाद उन्होंने रात भर विंग कमांडर मधोक की हालत पर नजर रखी और उनकी देखभाल से मरीज की हालत सुबह तक संभल गई।

अंटार्कटिक के बेहद खराब सर्दी के लम्बे मौसम के दौरान और मानसिक तनावों में सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर बैनर्जी ने अकेले कई गंभीर मरीजों की देखभाल की जिनमें वे मरीज भी शामिल थे जिनको गंभीर चोटें आई थीं।

इस प्रकार सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर आलोक बैनर्जी ने साहस, व्यावसायिक कौशल और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

25. 280830 सार्जेंट श्याम बिहारी गुप्ता,
इन्स्ट्रूमेंट फिटर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 29 दिसम्बर 1983)

सार्जेंट श्याम बिहारी गुप्ता, अंटार्कटिक जाने वाले, तीसरे भारतीय वैज्ञानिक अभियान की वायु सेना टीम के तकनीकी सदस्य थे। अभियान की सफलता काफी हद तक एक मात्र उपलब्ध एम० आई०–8 हैलिकाप्टर की परिचारिकी सहायता पर निर्भर करती थी क्योंकि दूसरा एम– आई०–8 हेलिकाप्टर प्रयोग के लिए मौजूद नहीं था। वरिष्ठतम तकनीकी ट्रेड्समैन होने के नाते सार्जेंट गुप्ता ने अनुरक्षण कार्यकलापों की देखरेख के अपने नियत कार्य को पूरा करने के अलावा अपने साथी तकनीशियनों के साथ अनवरत काम किया और साथ ही हैलिकाप्टर पर माल लादने/उतारने में वायुकर्मियों की सहायता भी की।

29 दिसम्बर, 1983 को एम० आई०–8 हैलिकाप्टर जिसमें वे यात्रा कर रहे थे, दुर्घटनाग्रस्त होकर अंटार्कटिक की बर्फीली जलराशि में जा गिरा। हैलिकाप्टर बड़ी तेजी से डूबता जा रहा था और सार्जेंट गुप्ता सहित हैलिकाप्टर का पूरा कर्मी दल उसके अन्दर फंसा पड़ा था। ऐसी भयंकर स्थिति की चपेट में पड़े सार्जेंट गुप्ता बड़ी सूझ-बूझ और हिम्मत का परिचय देते हुए हैलिकाप्टर में फंसे कर्मियों की जान बचाने की जुगत ढूंढने में बराबर जुटे रहे। उन्होंने फ्लाइट लैफ्टिनेंट राय की सहायता से हैलिकाप्टर के काकपिट की दीवार तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कर्मियों के बहुमूल्य जीवन बचाने में सहायता की। बाद में डूबते हैलिकाप्टर से अपनी जान बचाने के लिए उन्हें तब तक बर्फीले समुद्र में 15 से 20 मीटर तक तैर कर जाना पड़ा जब तक कि नौसेना की बचाव नौका ने उन्हें बचा नहीं लिया। उस खौफनाक अनुभव के बावजूद वे प्रसन्न बदन और पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी ड्यूटी पर हाजिर हो गए।

इस प्रकार सार्जेंट श्याम बिहारी गुप्ता ने साहस, पहलशक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

26. 1370413 लांस नायक सोमशेखरन थाम्बी, इंजीनियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 19 जनवरी, 1984)

लांस नायक सोमशेखरन थाम्बी तृतीय भारतीय अंटार्कटिक अभियान का एक स्थायी केन्द्र स्थापित करने वाले सदस्यों में से एक थे। 19 जनवरी 1984, को एक बर्फानी तूफान आया जिसके साथ काफी बर्फ आ रही थी, जिसके कारण बहुत कम दिखने लगा था और तापमान शून्य से 22 डिग्री नीचे चला गया। उस समय स्टेशन की दूसरी मंजिल की छत पर चद्दरें चढ़ाने का काम चल रहा था। लांस नायक सोमशेखरन थाम्बी ने महसूस किया कि उस निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करना जरूरी होगा। इसलिए वे उस ढलवां छत पर चढ़ने के लिए स्वयं तैयार हो गए ताकि चद्दरें चढ़ाने का काम जारी रखा जा सके। हवा में उड़ जाने के खतरे से बचने के लिए अपने आपको रस्सी से बांधकर ढलवीं छत लटकते हुए खड़े रहकर उन्होंने बड़े साहस से लगभग 8 घण्टे तक काम करके वह कार्य पूरा कर दिखाया। इस प्रकार उस बहुत खतनराक काम को उन्होंने अकेले ही पूरा किया।

इस कार्रवाई में लांस नायक सोमशेखरन थाम्बी ने उत्कृष्ट साहस पहलशक्ति, धैर्य उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

27. 14526234 सिगनलमैन महेन्द्र कुमार शर्मा, (मरणोपरान्त)
सिगल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 27 जनवरी, 1984)

27 जनवरी 1984 को सिगनलमैन महेन्द्र कुमार शर्मा बिहार राज्यपथ परिवहन की एक बस से जहानाबाद से किंजर जा गया जिले में है, छुट्टी पर जा रहे थे। उस बस में उनके अलावा 40 और यात्री थे जिनमें 16 विद्यार्थी भी थे जो जहानाबाद में गणतन्त्र दिवस समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे। उस बस को लगभग एक दर्जन सशस्त्र डकैतों ने अचानक रोक लिया और यात्रियों को लूटने लगे। सिगनलमैन महेन्द्रकुमार शर्मा ने यात्रियों को डाकुओं का विरोध करने और उनके आगे हिम्मत न हारने के लिए ललकारा। उन्होंने देखा कि बाकी यात्री उनका विरोध नहीं कर रहे। तब यात्रियों ने उनका विरोध करने के लिए खुद अपना उदाहरण पेश करते हुए उन्होंने एक डकैत पर प्रहार किया। जब डकैतों ने उन्हें अपना सामान बस से नीचे उतारने को कहा तो उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया और बहादुरी से लड़ते रहे, हालांकि उन्हें बहुत सारे डकैतों का अकेले ही मुकाबला करना पड़ा। एक डकैत ने काफी नजदीक से उन पर गोली चला दी जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गयी। उनके द्वारा किए गए विरोध के फलस्वरूप विद्यार्थियों सहित बहुत से यात्रियों की जान बची।

इस कार्यवाही में सिगनलमैन महेन्द्र कुमार शर्मा ने साहस, पहलशक्ति, अभय और उच्चकोटि की जन-हित की भावना का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

28. मेजर गुरमुख सिंह ढिल्लों (आई० सी०–25150), आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 10 फरवरी, 1984)

10 फरवरी, 1984, को पुंछ शहर में भयंकर आग लग गयी जिससे कुछ महत्वपूर्ण कार्यालय आग की चपेट में आ गए। साथ में ही स्थित 52 माउंटेन रेजिमेंट के कार्मिक अग्निशमन उपकरण लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े और आग बुझाना शुरू कर दिया। मेजर गुरमुख सिंह ढिल्लो सबसे पहले वहां पहुंचे। वह रेजिमेंट के 6 कार्मिकों सहित आग की चपेट में आई इमारतों में से एक की टीन की छत पर चढ़ गए। उन्होंने व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पूरे 2½ घण्टे तक आग पर नियंत्रण पाने की जी-तोड़ कोशिश की और अंततः आग को बढ़ने से रोकने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में मेजर गरमुख सिंह ढिल्लों ने साहस, नेतृत्व, पहलशक्ति संगठन क्षमता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

29. कैप्टन राकेश चन्द्र कुकरेती (आई० सी०–32178), राजपूत
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 13 फरवरी, 1984)

13/14 फरवरी, 1984, की रात को यह सूचना मिलने पर कि एक महत्वपूर्ण भूमिगत नागा नेता भारी शस्त्रों से लैस अपने साथियों के साथ गांव शनवी में ठहरा हुआ था, कैप्टन कुकरेती को उस गांव को घेरने और वहां तलाशी लेने का काम सौंपा गया। उन्होंने बड़ी सूझ-बूझ के साथ उन सभी स्थानों पर अपने सैनिक तैनात कर दिए जहां से भूमिगत नागाओं के बच निकलने की संभावना थी। उसके बाद उन्होंने स्वयं घर-घर की तलाशी ली जिसमें चार भूमिगत नागा पकड़े गए और उनसे बहुत बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, नकद धन और अपराध से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कागजात बरामद हुए।

इस प्रकार कैप्टन राकेश चन्द्र कुकरेती ने नेतृत्व, संगठन क्षमता, साहस और उच्चकोटी की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

30. श्री मुन्शी लाल वर्मा,
सहायक कोषाधिकारी
प्रधान डाकघर,
अलीगढ़।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 21 फरवरी, 1984)

21 फरवरी 1984, को लगभग 7 बजे शाम अलीगढ़ प्रधान डाक के सहायक कोषाधिकारी मुन्शीलाल वर्मा, केयर टेकर श्री जयराम के साथ पास

की एक इमारत से एक नकदी भरा बक्सा अलीगढ़ डाकघर के मुख्य राजकोष कार्यालय को ले जा रहे थे। बिजली बन्द होने के कारण उस इलाके में अंधेरा छाया हुआ था। नकदी वाला बक्सा श्री जयराम के सिर पर लदा हुआ था और श्री वर्मा उनके पीछे पेट्रोमैक्स जलाए चल रहे थे। उस इमारत के दरवाजे पर पहुंचते ही दो लुटेरों ने बक्से को छीनने की कोशिश की। उसमें नकद 2,22 291.40 रुपए भरा था। श्री जयराम ने उन्हें बक्सा छीनने से रोका और उसे मजबूती से पकड़े रहे इस पर उन में से एक ने पिस्तौल से उनकी छाती पर गोली चलाई जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। दूसरे ने बक्सा उठाकर भागने की कोशिश की। श्री मुन्शीलाल वर्मा ने बचाव का दूसरा रास्ता न देख पेट्रोमैक्स से ही उस पर वार किया, परन्तु लुटेरे बढ़ते-बढ़ते पास में खड़े किए हुए अपने स्कूटर तक पहुंच गए। वहां उनका तीसरा साथी जो उन्हें ले जाने के लिए तैयार था, स्कूटर चालू करने लगा। इत्तिफाक से स्कूटर नीचे गिर गया और वे तीनों उसके नीचे दब गए। स्थिति का लाभ उठा कर श्री वर्मा ने पेट्रोमैक्स से कई बार उन पर वार किए, नकदी वाल बक्सा छीना और वापिस अपने प्रधान कार्यालय में चले गए।

हताहत श्री जयराम को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इस प्रकार श्री मुन्शी राम वर्मा ने असाधारण साहस, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

31. विंग कमांडर गजानन दामोदर शिल्रे (10089), उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 29 फरवरी, 1984)

29 फरवरी 1984, को विंग कमांडर गजानन दामोदर शिल्रे को फ्लाइट लेफ्टिनेंट पी० वी० चौधरी के साथ सामान्य अभ्यास सार्टी के लिए भेजा गया। विमान में कुछ गम्भीर खराबी होने की सूचना पाकर विंग कमांडर शिल्रे ने फौरन विमान के कैप्टन के रूप में नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने पाया कि वे 3700 फुट की ऊंचाई पर थे।

उनके पास दो ही रास्ते थे विमान को छोड़ देना या फोर्स लैंडिंग आजमाना। उन्होंने विमान को त्यागने की बजाय फोर्स लैण्ड करने का वीरोचित फैसला किया। हालांकि उनके इस निर्णय से उन्हें और उनके कार्मियों को संगीन चोटें लगने का खतरा था। बाद में अपने सम्पूर्ण अनुभव और कौशल के बल पर उन्होंने एक बेहद नाजुक स्थिति में विमान को मामूली के नुकसान के साथ पूरी तरह सही फोर्स लैंडिंग की।

इस प्रकार विंग कमांडर जानन दामोदर शिल्रे ने उत्कृष्ट साहस, व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

32. श्री हुइनिंगशुमबम नाबाचन्द्र सिंह,

मणिपुर राज्य में एक पेट्रोल पम्प के कर्मचारी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 15 मई 1984)

15 मई 1984, को मणिपुर राज्य में एक पेट्रोल पम्प के कर्मचारी श्री हुइनिंगशम नाबा चन्द्र सिंह पेट्रोल पम्प के अन्दर काउंटर में पेट्रोल पम्प की दिनभर की बिक्री की रकम गिन रहे थे। तभी हथियारों से लैस दो उग्रवादी रिवाल्वर और हथगोला लिए काउंटर के अन्दर घुस आए और बिक्री की सारी रकम छीन ली। रुपया छीनने के बाद उनमें से एक उग्रवादी पहरेदार के रूप में काउंटर पर खड़ा रहा और दूसरा और रुपयों की खोज में अन्दर के कमरे में चला गया। उस पर श्री नाबाचन्द्र सिंह ने बहुत साहस से काम लेते हुए उस उग्रवादी को दबोच लिया। उसी बीच श्री साइमन जोजो जो काउंटर के भीतर थे उससे भिड़ गए और गोलियों से भरी रिवाल्वर उससे छीन ली। उसके बाद उस उग्रवादी ने एक प्राणघातक हमले के रूप में हथगोले को काउंटर के अन्दर फैंकने की कोशिश की परन्तु श्री नाबाचन्द्र सिंह ने उससे हथगोला भी छीन लिया। अन्त में उग्रवादी पर काबू पा कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस मुठभेड़ के दौरान बाहर खड़ा दूसरा उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गया।

इस प्रकार श्री हुइनिंगशमबम नाबाचन्द्र सिंह ने उत्कृष्ट साहस, शौर्य, धैर्य और उच्चकोटि की जन हित की भावना का परिचय दिया।

33. श्री साइमन जोजो,

मणिपुर में एक पेट्रोलपम्प के कर्मचारी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 15 मई 1984)

15 मई, 1984 को मणिपुर राज्य में एक पेट्रोल पम्प के कर्मचारी हुइनिंगशमबम नाबाचन्द्र सिंह पेट्रोल पम्प के अन्दर के काउण्टर में पेट्रोल पम्प की दिन भर की बिक्री की रकम गिन रहे थे। तभी हथियारों से लैस दो युवा उग्रवादी रिवाल्वर और हथगोला लिए काउण्टर के अन्दर घुस आए और बिक्री की सारी रकम छीन ली। उसके बाद उनमें से एक उग्रवादी पहरेदार के रूप में काउण्टर पर खड़ा रहा और दूसरा और रुपयों की खोज में अन्दर के कमरे में चला गया। उस पर श्री नाबाचन्द्र सिंह ने बहुत साहस से काम लेते हुए उस उग्रवादी को दबोच लिया। श्री साइमन जोजो ने जो पहले से ही काउण्टर के भीतर थे काउण्टर का दरवाजा तुरन्त बन्द कर दिया जिससे दूसरा उग्रवादी अन्दर बन्द हो गया। तब उन्होंने श्री नाबाचन्द्र सिंह का साथ दिया और उस उग्रवादी के सिर पर लाठी से प्रहार किया और गोलियों से भरी रिवाल्वर उससे छीन ली। उसके बाद उग्रवादी ने प्राणघातक हमले के रूप में हथगोले को काउण्टर के अन्दर फैंकने की कोशिश की परन्तु श्री नाबाचन्द्र सिंह ने उससे हथगोला भी छीन लिया। अन्त में उग्रवादी को काबू कर गिरफ्तार कर लिया गया। उस मुठभेड़ के दौरान बाहर खड़ा दूसरा उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गया।

इस कार्यवाही में श्री साइमन जोजो ने साहस, धैर्य और उच्चकोटि की जन-हित की भावना का परिचय दिया।

34. स्क्वाड्रन लीडर सुरेश हरीभाव आप्टे (9735), सेवा निवृत्त उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 मई, 1984)

स्क्वाड्रन लीडर सुरेश हरीभाव आप्टे नवम्बर 1976, से एच० ए० एल० बंगलौर काम्प्लेक्स में परीक्षण उड़ान ड्यूटियों पर सेवारत रहे हैं। 18 मई, 1984, को स्क्वाड्रन लीडर आप्टे को ईंधन सप्लाई में कठिनाई के कारण अपने एच० पी० टी० प्रोटोटाइप विमान का इंजन खराब होने का आभास हुआ। 1000 फुट की ऊंचाई पर थे जहां एयर फील्ड पर फोर्स लैंडिंग करना कोई आसान काम नहीं था। फिर भी, भारी कौशल और धैर्यपूर्ण साहस के साथ 50 फुट की ऊंचाई से फाइनल की ओर 90° का मोड़ लेकर वे हवाई पथ पर बेदाग उतर गए।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर सुरेश हरीभाव आप्टे ने साहस, वृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

35. कैप्टन हरीशजीत सिंह (आई० सी०-30216), आर्मी सर्विस कोर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 18 मई 1984)

कैप्टन हरीशजीत सिंह ने अभी हाल ही में माइक्रोलाइट विमान से कश्मीर से कन्याकुमारी तक की साहसिक यात्रा की। यह अभियान 7 अप्रैल, 1984 को श्रीनगर से प्रारम्भ हुआ। 9 अप्रैल, को खराब मौसम के बावजूद वह बनिहाल दर्रे की पीर पंजाल पहाड़ियों को पार करने में सफल हुए। 10 अप्रैल, को उन्होंने बनिहाल दर्रे से फिर उड़ान भरी और ऊधमपुर के लिए रवाना हो गए। उस रोज मौसम बेहद खराब था और उनकी मशीन पेंडुलम की तरह झूलने लगी। उस दौरान विमान में उनकी सीट अपनी जगह से हट गयी और वे अपनी सुरक्षा-पेटी से लटक गए। परीक्षा की उन घड़ियों में कैप्टन हरीशजीत सिंह ने साहस नहीं छोड़ा और पाटनी चोटी पार कर सुरक्षित ऊधमपुर उतर गए।

अब तक की यात्रा के खतरनाक अनुभवों के बावजूद उन्हें ईंधन की कमी के कारण मजबूरन जालन्धर से थोड़ी दूरी पर एक खेत में उतरना पड़ा। यहां से उड़ान भरते समय उनके विमान का अगला हिस्सा खेत में धंस गया, जिससे विमान को भी क्षति पहुंची और उन्हें भी हल्की चोटें आईं।

16 मई 1984, को तिरुनवेल्ली से उड़ान भरने के बाद उन्होंने पाया कि उनकी मशीन का संतुलन बिगड़ रहा था और एक स्वाकिंग प्लग सर्किट से निकलकर हवा में झूल रहा था। अनेक बाधाओं के बावजूद उन्होंने फिर यात्रा

शुरू कर दी और 18 मई, 1984, को कन्याकुमारी उतर गए। हमारे देश में यह अपनी तरह का पहला अभियान था, जिसमे पीर पंजाल पर्वत मालाओं और भारत के मैदानी भागों के ऊपर उड़ान भरी गई, वह भी मानसून से ऐन पहले के खतरनाक मौसम में. जब मौसम के बारे मे किसी प्रकार का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। उन्होने 42 दिनों में अपना मिशन पूरा किया और उस दौरान 4170 मील की दूरी तय की।

घायल होने के बावजूद उन्होने अपना मिशन चाल रखा। कैप्टन हरीशजीत सिह का यह अभियान अपने आप में साहस, पहल-शक्ति, धैर्य और पक्के इरादों की कहानी है, जिससे देश में इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने में बल मिलेगा।

36. ग्रुप कैप्टन कृष्ण कुमार सांगर, वी० एम० (7017), उड़ान (पायलट)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 3 जून 1984)

ग्रुप कैप्टन कृष्ण कुमार सांगर ने अक्तूबर, 1981 से एक हेलिकाप्टर यूनिट की कमान संभाली हुई है। उत्तरी क्षेत्र के किसी स्थान पर संक्रिया अभ्यास के दौरान उन्हे एम० आई०—8 टास्क फोर्स कमांडर नियुक्त किया गया था।

बहुत-सा ऐसा सामान जिसे पहले कभी हवाई जहाज से नही ले जाया गया था, हैलिकाप्टरों से वहां गिराना था। बडे ही खराब मौसम और बर्फ से ढके बीहड़ इलाके मे ये संक्रियाएं की जानी थी। इस कार्रवाई के दौरान ग्रुप कैप्टन सांगर को बहुत से काम पहली बार कर गुजरने का श्रेय प्राप्त हुआ और वह 17,000 फुट से भी अधिक उंचाई के ठिकानो पर राशन तथा अन्य सामान गिराने में सफल हुए। 3 जून, 1984, को एक पातन क्षेत्र में आर्कटिक हट" को बिना क्षति पहुचाए उतारने के लिए उन्हें अपने विमान को अधिकतम सीमा तक ले जाना पड़ा और यह उनकी व्यावसायिक निपुणता तथा अपने विमान की घनिष्ट जानकारी के कारण ही संभव हो सका।

इस प्रकार ग्रुप कैप्टन कृष्ण कुमार सागर ने साहस, व्यावसायिक कुशलता दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

37. 4261740 सिपाही दीप नारायण सिह, (मरणोपरान्त) बिहार।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 जून 1984)

4 जून 1984, को सिपाही दीप नारायण सिह एक लाइट मशीनगन पोस्ट पर तैनात किए गए थे। उसी दिन लगभग 04.50 बजे आतकवादियो ने एक इमारत से भारी गोली बारी शुरू कर दी। इमारत की मजबूती से किलेबन्दी की हुई थी और आतकवादी वहा मोर्चे पर जमे हुए थे। सिपाही दीप नारायण सिह लाइट मशीनगन पोस्ट पर लगातार पूरे 17 घण्टे डटे रहे और दिनभर जवाबी गोलीबारी करते रहे। आतंकवादियों की कारगर गोलीबारी के कारण दिन में उनकी जगह दूसरे सिपाही को भेजना संभव नही था। उन्होने अगले दिन भी उस पोस्ट पर दुबारा जाने की इच्छा व्यक्त की और वहां से आतंकवादियों के सात-आठ मोर्चों पर गोलीबारी करते रहे। वह इतनी कारगरता से गोलीबारी कर रहे थे कि वहां मोर्चा संभाले हुए सभी आतंकवादियों का हौसला पस्त हो गया और वे सभी उन पर गोलीबारी करने लगे। 5 जून, 1984, को आतंकवादियों की मशीनगन की गोलियो की बौछार उनके माथे पर लगी, जिससे उनके सिर मे गम्भीर चोटे आई और वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस पूरी सक्रिया के दौरान सिपाही दीप नारायण सिह ने दृढ़ संकल्प, साहस, अनुकरणीय वैयक्तिक शौर्य तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणो की आहुति दे दी।

38. मेजर बलदेव राज भाटिया (आई० सी०—21857), गार्डस।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्डस को एक इमारत से आतकवादियों को निकालने का काम सौपा गया। मेजर बलदेव राज भाटिया के नेतृत्व मे "ए" कम्पनी को इमारत के बाएं भाग से आतंकवादियों को निकालने का काम सौपा गया। यह प्लाटून इमारत में गई ही थी कि इस पर स्वचालित हथियारो से चारों ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी। आतंकवादियों ने दरवाजों, खिड़कियों और रोशनदानों से हथगोले भी फैंके। आतंकवादियों की गोलीबारी से विचलित हुए बिना और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए मेजर बलदेव राज भाटिया अपनी टुकड़ी में सब से आगे बढ़ गए और संक्रिया की गति को बनाए रखने के लिए स्वयं उनका नेतृत्व किया और अन्ततः सौंपे गए कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

इस कार्रवाई में मेजर बलदेव राज भाटिया ने उत्कृष्ट शौर्य दृढ़ संकल्प, धैर्य उच्चतम नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

39 मेजर प्रकाश चन्द कटोच (आई० सी०—24006), पैराशूट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, को रात जब मेजर प्रकाश चन्द कटोच एक इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार से टीम ग्रुप का नेतृत्व कर रहे थे उसी समय आतंकवादियों ने अजेय और अभेद्य मशीनगन पोस्ट से उन पर लाइट मशीनगन से भारी गोलीबारी की। पहले इन पर स्टेन मशीन कारबाइन का फायर हुआ, जिसकी गोली को उन्होंने अपनी गोली सह जाकेट पर झेल लिया; लेकिन तुरन्त जवाबी कार्रवाई कर तेजी से फायर शुरू कर दिया जिससे एक आतंकवादी मारा गया और उनके सैनिक भी हताहत होने से बच गए।

भारी विषमताओं के बावजूद उनकी टुकड़ी ने एक अभेद्य फायर लाइन पर पहला आक्रमण शुरू किया। इस कार्रवाई में उनके दाएं कंधे में मशीनगन की गोली लगी; लेकिन फिर भी उससे विचलित हुए बिना वे साहसपूर्वक आगे बढ़ते रहे और अपने लक्ष्य पर पहुंचने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में मेजर प्रकाश चन्द कटोच ने शौर्य साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

40. कैप्टन कृष्ण श्रीकर प्रभु (आई० सी०—32823), मराठा लाइट इन्फैण्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात कैप्टन कृष्ण श्रीकर प्रभु उस कम्पनी ग्रुप के सैकिड-इन-कमान थे, जिसे आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का काम सौंपा गया था। उसका काम इमारत परिसर से उग्र आतंकवादियों को बाहर निकालना था। कैप्टन कृष्ण श्रीकर प्रभु को इमारत के मुख्य द्वार पर कब्जा करने का काम सौपा गया जिसमें ऊपर के हिस्से में आतंकवादियों ने घातक शस्त्र जमा किए हुए थे। इसके अलावा तोपों से लैस उस स्थान की ओर बढ़ने का अर्थ था आतंकवादियों की गोलीबारी की जद के सामने से होकर निकलना।

इन सब कठिनाइयों के बावजूद कैप्टन कृष्ण श्रीकर प्रभु शस्त्रागार के साथ लगी ऊंची दीवारों पर बड़ी तेजी के साथ चढ गए और आतंकवादियों की कारगर गोलीबारी के बावजूद अपने सैनिकों को द्वार के ऊपर चढ़ा दिया और फिर जोरदार धावा बोलकर तोपों के मोर्चे को ध्वस्त कर दिया। उसी समय पास की इमारत से आतंकवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होने उस ओर फायर करके उस गोलीबारी को भी निष्क्रिय कर दिया। इसमें एक आतंकवादी घायल हुआ और एक शाट गन बरामद हुई। बाद में तलाशी की कार्रवाई के दौरान उन्होने आतंकवादियों, को दो राइफलों, 12 बोर की दो बन्दूकों और 100 राउण्ड गोली-बारूद को कब्जे में कर लिया।

इस प्रकार कैप्टन कृष्ण श्रीकर प्रभु ने साहस, अद्भुत पहलशक्ति, दृढ़ संकल्प, अनुकरणीय वैयक्तिक शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

41. लेफ्टिनेंट तारा चन्द (आई० सी०—40046), राजपूत।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

आतंकवादी विरोधी संक्रिया के दौरान लेफ्टिनेंट ताराचन्द 2 राजपूत की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 5/6 जून 1984, को रात उनकी प्लाटून का एक इमारत के परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया। उनकी प्लाटून इमारत के पास पहुंचने ही वाली थी कि आतंकवादियों ने एक कमरे से भारी और अचूक गोलीबारी शुरू कर दी जिससे इनका आगे बढ़ना

रुक गया। उसमें लेफ्टिनेंट पाराचन्द जो प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे, की दाईं टांग में गोली लग गयी। जख्मी होने के बावजूद वे रेंग-रेंग कर एक कोने से आगे बढ़े और उन आतंकवादियों को मार डाला जो उनकी प्लाटून को आगे बढ़ने से रोके हुए थे। उससे उनकी प्लाटून आगे बढ़ने और अपना कार्य पूरा करने में सफल हुई।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेंट तारा चन्द ने साहस, पहल-शक्ति, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

42. जे० सी० 90455 सूबेदार बादल घोष, राजपूत।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान 2 राजपूत के सूबेदार बादल घोष एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 5/6 जून, 1984, की रात उनकी प्लाटून को एकाएक इमारत परिसर में आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। इमारत की भारी किलेबन्दी की हुई थी और उस पर आतंकवादियों ने मजबूती से कब्जा किया हुआ था। जैसे ही उनकी प्लाटून के इमारत के अहाते में पहुंची आतंकवादियों ने भारी और कारगर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे उनकी प्लाटून का आगे बढ़ना रुक गया। ऐसी स्थिति में अपने जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए सूबेदार बादल घोष ने सैनिकों की एक सैक्शन के साथ इमारत पर धावा बोल दिया जिससे दो आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार उन्होंने सौंपे गए काम को सफलतापूर्वक पूरा कर दिखाया।

इस कार्रवाई में सूबेदार बादल घोष ने उत्कृष्ट शौर्य, साहस, दृढ़ संकल्प, अनुकरणीय नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

43. 4150739 नायब सूबेदार नयन सिंह, कुमाऊं। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात आतंकवादियों के विरुद्ध की गयी संक्रिया के दौरान 9 कुमाऊं "सी" "सी" कम्पनी को एक बड़ी निर्माणाधीन इमारत की दूसरी मंजिल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। ऊपर चढ़ने के लिए केवल एक ही जीना था जो इमारत के बीचोबीच था और वहीं से होकर सभी कमरों में जाया जा सकता था। अपने लक्ष्य पर पहुंचने के लिए कम्पनी इसी जीने का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य थी। नायब सूबेदार नयन सिंह अपनी प्लाटून को सीढ़ियों से ऊपर ले ही जा रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से कारगर गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी जान की परवाह किए बिना नायब सूबेदार नयन सिंह ने आतंकवादियों के मोर्चे पर हथगोला फैंका और अपनी कारबाइन से गोलियां चलाते हुए सीढ़ियों पर धावा बोल दिया। हथगोला फैंकने के बावजूद एक आतंकवादी जीवित बच गया था और उसने नायब सूबेदार नयन सिंह पर गोली चलाई जिससे वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार नायब सूबेदार नयन सिंह ने उत्कृष्ट शौर्य, उच्च पहल-शक्ति, दृढ़ संकल्प, साहस, नेतृत्व तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

44. 13664504 नायब सूबेदार हरनाम सिंह, गार्डस।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्डस की "ए" कम्पनी को एक महत्वपूर्ण इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार के बाएं हिस्से से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। इन इमारतों की भारी किलाबंदी की हुई थी और आतंकवादियों ने बड़ी मजबूती से कब्जा किया हुआ। नायब सूबेदार हरनाम सिंह प्लाटून कमांडर थे। इमारत के परिसर में प्रवेश करते ही उनकी प्लाटून पर आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों और हथगोलों से भारी और अचूक गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने तुरन्त उस प्लाटून के साथ भेजी गई मीडियम मशीनगन टुकड़ी को गोलीबारी करने पर लगाया और इस गोलीबारी की सुरक्षा में अपनी प्लाटून का स्वयं नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े। कुछ ही देर में इस मीडियम मशीनगन टुकड़ी पर आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से कारगर गोलीबारी शुरू कर दी। अब उनकी टुकड़ी बिना किसी सुरक्षा फायर के लड़ रही थी। लेकिन नायब सूबेदार हरनाम सिंह ने बहुत संयम से काम लिया और अपनी प्लाटून को सफलतापूर्वक लक्ष्य की ओर बढ़ाया।

इस प्रकार नायब सूबेदार हरनाम सिंह ने धैर्य, साहस, दृढ़ संकल्प, अनुकरणीय शौर्य, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

45. 13667576 नायब सूबेदार सलेट सिंह, गार्डस।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून, की "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्डस को महत्वपूर्ण इमारत के परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। नायब सूबेदार सलेट सिंह प्लाटून कमांडर थे। उन्हें इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार के बाएं हिस्से से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम दिया गया था। जैसे ही उनकी प्लाटून प्रवेश द्वार पर पहुंची आतंकवादियों ने इमारत के अन्दर जगह-जगह से तथा छत के ऊपर से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। जैसे ही उन्होंने इस प्लाटून के साथ भेजी गयी मीडियम मशीनगन टुकड़ी को फायर पर लगाया आतंकवादियों ने सामने से अचूक गोलीबारी शुरू कर दी और कमरों से हथगोले फैंके, जिससे प्लाटून का आगे बढ़ना बहुत कठिन हो गया। नायब सूबेदार सलेट सिंह ने तब भी धैर्य नहीं खोया और अपनी जान की बाजी लगा कर आतंकवादियों की भीषण गोलीबारी से बीच एक अन्य सेक्शन को लेकर आगे बढ़े। इमारत की बगल में पहुंचते ही उन्होंने अपनी राकेट छोड़ने वाली टुकड़ी को राकेट छोड़ने का आदेश दिया ताकि आतंकवादियों की उस गन पोस्ट को नष्ट किया जा सके। अन्ततः उस फायर को शांत करने में सफल हो गए। लेकिन इसी बीच आतंकवादियों ने एक कमरे से उसके ऊपर हथगोला फैंका जिससे उनका बायां बाजू बुरी तरह जख्मी हो गया। फिर भी जख्म की परवाह किए बिना और जान की बाजी लगा कर उन्होंने स्वयं अपनी एक सैक्शन का नेतृत्व किया और जिस कमरे से फायर हो रहा था वहां से आतंकवादियों को खदेड़ दिया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए और हथगोलों का एक बक्सा भी कब्जे में ले लिया गया।

इस प्रकार नायब सूबेदार सलेट सिंह ने उत्कृष्ट शौर्य, साहस, पहल-शक्ति, नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

46. 2970429 हवलदार अतुल कुमार मण्डल, राजपूत।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

आतंकवादियों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई के दौरान 2 राजपूत के हवलदार अतुल कुमार मण्डल मुख्य प्लाटून की एक सैक्शन की कमान कर रहे थे। 5/6 जून, 1984, की रात उनकी सैक्शन को एक इमारत की तलाशी लेने का काम सौंपा गया था जहां आतंकवादियों का कब्जा होने का संदेह था। जैसे ही हवलदार अतुल कुमार मण्डल पहले कमरे के पास पहुंचे, अन्दर से उन पर गोली चलाई गई जो उनके चेहरे पर लगी। अपने जख्म और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने उस कमरे पर धावा बोल दिया और गोलीबारी करने वाले आतंकवादी को मार गिराया जिससे उनकी सैक्शन आतंकवादियों का सफाया करने का काम आगे जारी रख सकी।

इस प्रकार हवलदार अतुल कुमार मण्डल ने पहलशक्ति, उत्कृष्ट साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

47. 4158937 हवलदार भूपाल सिंह, कुमाऊं रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान "डी" कम्पनी को एक महत्वपूर्ण इमारत पर कब्जा करने को कहा गया। कम्पनी कमांडर मेजर यू० के० दुबे ने अपनी प्लाटून को आदेश दिया कि प्रवेश द्वार की ओर फायर कर रही मीडियम मशीनगन को शान्त कर दिया जाए क्योंकि उससे अपने सैनिक बुरी तरह हताहत हो रहे थे। हवलदार भूपाल सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने अन्य साथियों के साथ उस मशीनगन पर सीधे धावा बोल दिया। इसी बीच उन्हें मीडियम मशीनगन की गोली लगी और जमीन पर गिर गए। मीडियम मशीनगन से अभी भी गोलियां चलाई जा रही थी इसलिए वे उस इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार की सीढ़ियों तक रेंग-रेंग कर पहुंचे और तुरंत

उस मीडियम मशीनगन पोजीशन पर ग्रेनेड फैंककर उसे शान्त कर दिया । इस कार्रवाई में उन्होंने अकेले ही पांच आतंकवादियों को मार गिराया तथा मुख्य प्रवेश द्वार पर अधिकार कर लिया ।

इस कार्रवाई मे हवलदार भूपाल सिंह ने असाधारण शौर्य, साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

48 4048545 हवलदार बेतार सिंह मनराल, (मरणोपरान्त)
गढ़वाल राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 9 गढ़वाल राइफल्स को एक इमारत से आतंकवादियों को निकालने का काम सौंपा गया था । हवलदार बेताल सिंह मनराल भले ही निम्न चिकित्सा श्रेणी के गैर-कमीशन अफसर थे, लेकिन उन्होंने अपनी सेक्शन का नेतृत्व करने और इस संक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया । लक्ष्य पर पहुंचते ही कम्पनी कमांडर ने हवलदार बेताल सिंह मनराल से कहा कि वे बाईं ओर से अपनी सेक्शन के साथ आगे बढ़ें और उन आतंकवादियों का सफाया करें जो उस कम्पनी को आगे बढ़ने से रोक रहे थे । खतरे की परवाह किए बिना हवलदार बेताल सिंह मनराल ने अपनी सेक्शन के साथ उस सीढ़ी पर धावा बोल दिया जो उस इमारत के अन्दर जाने का एक मात्र रास्ता था । इस कार्रवाई में उनका एक सिपाही मारा गया और वे स्वयं भी घायल हो गए । घाव की परवाह किए बिना अपनी कारबाइन से फायर करते हुए उन्होंने आतंकवादियों की उस मशीनगन पोस्ट पर हमला किया और उसे शान्त कर दिया । इसी बीच एक स्वचालित हथियार की गोली उन्हें दुबारा लगी और वे घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए । उनकी इस कार्यवाही से प्लाटून को अपना लक्ष्य प्राप्त करने में बहुत सहायता मिली ।

इस प्रकार हवलदार बेताल सिंह मनराल ने उत्कृष्ट शौर्य, अद्भुत पहल-शक्ति, साहस, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

49 13668128 हवलदार हेतराम,
गार्डस ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्डस की "बी" कम्पनी को एक महत्वपूर्ण इमारत के उत्तरी खण्ड से आतंकवादियों को निकालने का काम सौंपा गया था । इमारत के परिसर की भारी किलेबन्दी की हुई थी और उस पर उग्र आतंकवादियों ने मजबूती से कब्जा किया हुआ था । आगे की टुकड़ी के सेक्शन कमांडर हवलदार हेतराम अपने सेक्शन के पहले दो जवानों के एक-दम पीछे थे । पहले दो कमरे खाली करा लेने के बाद ज्योंही हवलदार हेतराम तीसरे कमरे की तरफ बढ़े, एक-दम उनकी कम्पनी पर भीषण गोलीबारी हुई जिससे वे घायल हो गए । लेकिन अपने घाव की परवाह किए बिना वे तेजी से तीसरे कमरे की ओर बढ़े और दरवाजा तोड़कर एक हथगोला अन्दर फैंका । हथगोला फैंकते समय उन्हें दूसरी गोली लगी और अपनी कारबाइन से कमरे के भीतर के चारों का आतंकवादियों को मार गिराया ।

इस कार्रवाई में हवलदार हेतराम ने उत्कृष्ट शौर्य, महत्वशक्ति, साहस, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

50 13668231 हवलदार हरमिन्दर सिंह,
गार्डस ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्डस की "बी" कम्पनी को एक महत्वपूर्ण इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । हवलदार हरमिन्दर सिंह की सेक्शन को पहली मंजिल के पहले कमरे पर कब्जा करने का काम सौंपा गया जिससे कि शेष प्लाटून को अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए आगे बढ़ने में सहायता मिल सके । सीढ़ी पर ही उनकी सेक्शन के सबसे आगे बढ़ रहे दोनों जवान आतंकवादियों की स्वचालित फायर से घायल हो गए । हवलदार हरमिन्दर सिंह ने उच्च पहलशक्ति का परिचय देते हुए एल्यूमिनियम की सीढ़ी लगाकर खुद ही पहली मंजिल पर चढ़ने का फैसला किया । आतंकवादियों के भीषण और कारगर फायर के बावजूद वह बिजली के समान तेजी से ऊपर चढ़ गए । वे दृढ़ संकल्प के साथ और अपने जीवन की परवाह किए बिना वहां पांव जमाने में सफल हो गए ।

इस कारवाई मे हवलदार हरमिन्दर सिंह ने साहस, शौर्य, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

51. 2553714 लांस हवलदार कुप्पुस्वामी, (मरणोपरान्त)
मद्रास रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून, 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 6 मद्रास को एक इमारत से आतंकवादियों को निकालने काम सौंपा गया था । इस काम के लिए आगे की प्लाटूनों मे से लांस हवलदार कुप्पुस्वामी एक के सैक्शन कमांडर थे, जिन्हें इस इमारत की पहली मंजिल के एक कमरे में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालना था । इमारत पर पहुंचते ही आतंकवादियों ने उनकी सेक्शन पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । उनकी सैक्शन सीढ़ियों से होकर दरवाजे की ओर बढ़ रही थी कि इतने में ही लांस हवलदार कुप्पुस्वामी के सीने में गोली लगी । इस घाव की परवाह न करते हुए और जान की बाजी लगाकर वे अपनी सेक्शन को कमरे तक ले जाने और एक आतंकवादी को मार गिराने तथा पांच अन्यों को पकड़ने में सफल हो गए । इस प्रकार उन्होंने सौंपे गए काम को सफलतापूर्वक पूरा कर दिखाया । बाद में सीने पर लगी गोली के कारण उनकी मृत्यु हो गयी ।

इस कारवाई में लांस हवलदार कुप्पुस्वामी ने उत्कृष्ट शौर्य, साहस, दृढ़ संकल्प, अनुकरणीय नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों का आहुति दे दी ।

52. 13608755 नायक गिरधारी लाल यादव, (मरणोपरान्त)
पैराशूट रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान टुकड़ी के सैक्शन कमांडर नायक गिरधारी लाल यादव को एक इमारत पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । इमारत की भारी किलेबन्दी की हुई थी और उग्र आतंकवादियों ने उस पर मजबूती से कब्जा किया हुआ था । जब यह टुकड़ी इस इमारत में प्रवेश कर रही थी तो इस पर मशीनगनों से भारी गोलीबारी की गयी जिससे उनका आगे बढ़ना कठिन हो गया । नायक गिरधारी लाल यादव ने अपने सभी सैनिकों को प्रोत्साहित किया और स्वयं आगे बढ़कर उसका नेतृत्व करने लगे । इतने में मशीनगन की गोली उनके बाएं बाजू में पर लगी । इस घाव की परवाह किए बिना वे गन पोस्ट की ओर दौड़ पड़े और हथगोला फैंका तथा उसे शान्त करने में सफल हो गए । इस कारवाई के दौरान मशीनगन की एक और गोली उनके चेहरे पर लगी जिसके फलस्वरूप वह वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस कार्रवाई में नायक गिरधारी लाल यादव ने साहस, दृढ़ संकल्प, शौर्य, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

53. 2577937 नायक मधुसूदन पिल्ले के जी,
मद्रास रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 जून 1984)

"सी" कम्पनी 26 मद्रास के नायक मधुसूदन पिल्ले के० जी० को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर मे तथा उसके आसपास आतंकवादियों के बचाव मार्चों का सफाया करने के काम पर लगाया गया था । 5/6 जून 1984, की रात "सी" कम्पनी का एक इमारत के दक्षिणी भाग से आतंकवादियों को बाहर निकालने काम सौंपा गया था । आगे की कम्पनी द्वारा उस इमारत के भूमिगत पर कब्जा करने के बाद इस कम्पनी का आगे कार्रवाई शुरू करना था परन्तु इस संक्रिया मे विलम्ब हो गया क्योंकि आतंकवादियों द्वारा गुम्बद में लगायी गयी लाइट मशीनगन से की जा रही भारी गोलाबारी के कारण इस कम्पनी का आगे बढ़ना रुक गया । इस विकट स्थिति मे नायक मधुसूदन पिल्ले के० जी० आगे की ओर

दौड़े और उन्होंने भीषण युद्ध के बाद जिसमें वे घायल हो गए, लाइट मशीनगन को शान्त करा दिया। इससे इनकी कम्पनी अपना लक्ष्य पूरा करने में सफल हो गई।

इस प्रकार नायक मधुसूदनन पिल्ले के० जा० ने उत्कृष्ट साहस, पहलशक्ति, शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

54. 4168587 लांस नायक राम बहोर सिंह, (मरणोपरान्त)
कुमाऊं रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

लांस नायक राम बहोर सिंह, 15 कुमाऊं रेजिमेंट की "ए" कम्पनी की आगे की टुकड़ी के लाइट मशीन गनर न० 2 थे। 5/6 जून 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान मेजर बी० के० मिश्र के नेतृत्व में "ए" कम्पनी को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। सभी ओर से मशीनगनों की भारी गोलीबारी के कारण कम्पनी का अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना रुक गया। इस स्थिति में मेजर बी० के० मिश्र ने आतंकवादियों के मोर्चे पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। अचानक लांस नायक राम बहोर सिंह ने इमारत के तहखाने के रोशनदान से मशीनगन बैरल बाहर आती हुई देखी। इस बात का आभास पाकर कि उनके कम्पनी कमांडर का जीवन खतरे में है और उनकी टुकड़ी के कमांडर लांस नायक निर्भय सिंह भी घायल हो चुके थे, लांस नायक राम बहोर सिंह दौड़ कर अपने कम्पनी कमांडर से आगे हो गए और उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान की। इसी दौरान मशीनगन का गोली उनके माथे पर लगी जिससे वे तत्काल वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कारवाई में लांस नायक राम बहोर सिंह ने उत्कृष्ट शौर्य, धैर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

55. 13673724 लांस नायक मनरूप सिंह, (मरणोपरान्त)
ब्रिगेड आफ गार्ड्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान "डी" कंपनी को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया। इस इमारत की भारी किलेबंदी की हुई थी और आतंकवादियों ने उसपर मजबूती से कब्जा किया हुआ था। लांस नायक मनरूप सिंह सबसे आगे वाली प्लाटून में थे। अपनी प्लाटून को आगे बढ़ने में सुरक्षा प्रदान करने के लिए उन्होंने तुरन्त इमारत के प्रवेश द्वार के खम्भे के पास मशीनगन साध ली। उनकी कंपनी का एक जवान कमरे के अन्दर घुस गया और गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि प्लाटून के अन्य सैनिक कमरे में जा सके आतंकवादियों ने साथ के कमरे से एक हथगोला फैंका। इनके बाद लांस नायक मनरूप सिंह ने स्वयं लाइट मशीनगन सम्भाली। तीन आतंकवादियों को अपने हथियार छीनने के लिए बढ़ते हुए देखते ही उन्होंने बड़ी फुर्ती से आतंकवादियों पर गोलियां चलाकर सबको मार दिया। इस कार्रवाई में वे स्वयं भी घायल हो गए थे और एक आतंकवादी ने उन्हें छुरा भी घोंप दिया था। बुरी तरह घायल होने के बावजूद वे बहादुरी के साथ खम्भों के साथ-साथ आगे बढ़ते गए और चौथे कमरे में जाने में सफल हो गए। वहां पर फिर उन्होंने गोलीबारी की और तीन आतंकवादियों का कमरे में ही ढेर कर दिया। जैसे ही वे कमरे से बाहर आ रहे थे कि आतंकवादियों की स्वचालित राइफल की गोली उन्हें लगी और वे वहीं पर वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार लांस नायक मनरूप सिंह ने उत्कृष्ट शौर्य, धैर्य, महान सूझबूझ, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

56. 13677059 लांस नायक मेजर सिंह,
ब्रिगेड आफ गार्ड्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्ड्स की "ए" कंपनी को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया। इस इमारत की भारी किलेबंदी की हुई थी और आतंकवादियों ने उस पर मजबूती से कब्जा किया हुआ था। लांस नायक मेजर सिंह को प्लाटून के आगे बढ़ते समय उसे फायर सुरक्षा प्रदान करने के काम पर लगाया गया था। प्लाटून जैसे ही मुख्य द्वार से अंदर गई इमारत की छत से उस पर स्वचालित हथियारों की भारी गोलीबारी शुरू हो गई। अपनी सुरक्षा की रत्ती भर भी परवाह न करते हुए लांस नायक मेजर सिंह भीषण गोलीबारी के बीच आगे दौड़ पड़े और आतंकवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। प्लाटून के आगे बढ़ने में सुरक्षा देने के लिए उन्हें अपनी लाइट मशीनगन कई बार एक खम्भे से दूसरे खम्भे तक ले जानी पड़ी। जब वे आगे के कमरे में पहुंचे तो वहां सामने की ओर से भी भारी गोलीबारी हुई और आतंकवादियों ने कमरों में बनाए हुए छेदों से हथगोले फैंकने शुरू कर दिए। लांस नायक मेजर सिंह ही वहां अकेले रह गए और उनपर चारों ओर से गोलीबारी होने लगी। उन्होंने बड़ी मजबूती और साहस के साथ जवाबी कारवाई जारी रखी और एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। इसके बाद वे सामने के कमरे की ओर दौड़े और वहां भी एक आतंकवादी को मार गिराया। परन्तु इसी कार्रवाई में वे घायल हो गए। उन्होंने अपनी कंपनी को सौंपे गए कार्य को पूरा होने तक वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने से इन्कार कर दिया।

इस कार्रवाई में लांस नायक मेजर सिंह ने शौर्य, साहस, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

57. 13611199 लांस नायक भगीरथ मल, (मरणोपरान्त)
पैराशूट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान विशेष कमांडो यूनिट को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। लांस नायक भगीरथ मल सबसे आगे वाली आक्रमण टुकड़ी में थे। इमारत पर पहुंचते ही प्लाटून पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी होने लगा। लांस नायक भगीरथ मल ने आतंकवादियों के मोर्चे पर गैस के गोले फैंकने शुरू किए जिससे कुछ देर के लिए आतंकवादियों की गोलीबारी बंद हो गई। इस कार्रवाई में बुरी तरह से घायल होने के बावजूद वे आगे बढ़ते रहे और आतंकवादियों के एक बहुत मजबूत मोर्चे पर गैस के गोले फैंकते रहे जिससे उनकी पूरी प्लाटून हताहत होने से बच गई। उन्होंने अपना यह काम जारी रखा जब तक आतंकवादियों के स्वचालित शस्त्रों की गोलियों की बौछार से वे वीरगति को प्राप्त नहीं हुए।

इस प्रकार लांस नायक भगीरथ मल ने साहस, शौर्य, दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

58. 3972319 लांस नायक (कुक) मंगलू राम,
डोगरा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादी विरोधी कार्रवाई के दौरान लांस नायक (कुक) मंगलू राम को एक राइफल कम्पनी में शामिल होने के लिए कहा गया। उनकी कंपनी को एक महत्वपूर्ण इमारत से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। इमारत की भारी किलेबंदी की हुई थी और उसपर उग्र आतंकवादियों ने बहुत मजबूती से कब्जा किया हुआ था। लांस नायक मंगलू राम जिन्हें अपना ग्रेनेड मे

सबसे आगे रहे और अपनी जान की रत्ती भर भी परवाह किए बिना वे बार-बार आगे बढ़े और अद्भुत साहस के साथ कई आतंकवादियों का ढेर कर दिया। इस कार्रवाई में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन घावों की परवाह न करके [illegible] रहे और कमरों में आतंकवादियों का सफाया कर दिया। उन्हें फिर से एक मशीनगन की गोली लगी जिससे वे बहुत गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना पड़ा।

इस प्रकार लांस नायक (कुक) मंगलू राम ने साहस, दृढ़ संकल्प, प्रशंसनीय पहलशक्ति, शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

59. 13679223 गार्ड्समैन बर्जीर खां, (मरणोपरान्त)
ब्रिगेड आफ गार्ड्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 10 गार्ड्स की "डी" कंपनी को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर के एक हिस्से पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इमारत की भारी किलेबंदी की हुई थी और आतंकवादियों ने उस पर मजबूती से कब्जा किया हुआ था। पहले तीन कमरों से आतंकवादियों को निकालने के बाद एक कमरे से स्वचालित शस्त्र की भारी गोलीबारी के कारण कंपनी की आगे बढ़ने की गति धीमी पड़ गई। कंपनी के कमांडर ने स्वयं पहल करके इस संक्रिया में सैनिकों का नेतृत्व किया और वे घायल हो गए। गार्ड्समैन बर्जीर खां जो अपने कंपनी कमांडर के एकदम पीछे-पीछे बढ़ रहे थे। अपनी जान पर खेलकर उस कमरे की ओर दौड़े जहां से गोलीबारी हो रही थी। कमरे के छेद से उन्होंने एक हथगोला फेंका और स्वचालित हथियार की गोलीबारी शान्त करा दी। इस कार्रवाई में उन्हें भारी चोटें लगी और वह घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार गार्ड्समैन बर्जीर खां ने शौर्य, साहस, अद्भुत पहलशक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

60. 13613012 पैराट्रूपर रमेश कुमार खजूरिया, (मरणोपरान्त)
पैराशूट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान उस 1 पैरा की "सी" टीम ग्रुप में पैराट्रूपर रमेश कुमार खजूरिया भी शामिल थे जिसे एक इमारत से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। पैराट्रूपर रमेश कुमार खजूरिया इस संक्रिया में सबसे आगे थे। अपने लक्ष्य पर पहुंचने के बाद मशीनगन की गोली उनकी टांगों में लगी। अपने घाव की परवाह किए बिना वह गोलियों की भारी बौछार के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े और अपने टीम ग्रुप के दो हताहतों को सुरक्षित स्थान पर ले आए। उनके हथियार लाने के लिए दूसरी बार कोशिश करते समय उनके चेहरे पर मशीनगन की गोलियां लगीं और वे तत्काल वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार पैराट्रूपर रमेश कुमार खजूरिया ने पहलशक्ति, प्रशंसनीय साहस, शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

61. 4174553 सिपाही हीरा सिंह, (मरणोपरान्त)
कुमाऊं।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान 9 कुमाऊं को एक इमारत से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। इमारत की भारी किलेबंदी की हुई थी और उग्र आतंकवादियों ने उस पर बहुत मजबूती से कब्जा किया हुआ था। सिपाही हीरा सिंह की कंपनी पर आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से भारी और अचूक गोलाबारी शुरू कर दी जिससे कंपनी की कार्रवाई रुक गई। सिपाही हीरा सिंह अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों की उस मशीनगन पोस्ट की ओर दौड़े जिसने इस कंपनी का आगे बढ़ना रोक दिया था और एक हथगोला फेंककर उसे शान्त कर दिया। इस कार्रवाई में मशीनगन की गोली से वे घायल हो गए और तत्काल वीरगति को प्राप्त हो गए। इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों की जानें बचाई और कंपनी सौंपे गए कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर सकी।

इस कार्रवाई में सिपाही हीरा सिंह ने पहलशक्ति, साहस, शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

62. 2583179 सिपाही सी० रायप्पन, (मरणोपरान्त)
मद्रास।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान 26 मद्रास को एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर के दक्षिणी खंड से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। परिसर की भारी किलेबंदी की हुई थी और उस पर उग्र आतंकवादियों ने बहुत मजबूती से कब्जा किया हुआ था। उस कंपनी को, जिसमें सिपाही सी० रायप्पन भी थे, आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। सिपाही सी० रायप्पन की प्लाटून को उस संक्रिया का नेतृत्व करने का आदेश दिया गया जो आतंकवादियों का बहुत शक्तिशाली गढ़ था। अपनी सेक्शन का नेतृत्व करते हुए वे आगे बढ़े और उस इमारत पर धावा बोल दिया। आतंकवादियों ने तीन-चार दिशाओं से उन पर भारी और अचूक गोलीबारी शुरू कर दी जिससे प्लाटून का आगे बढ़ना रुक गया और पूरी प्लाटून के नष्ट होने का खतरा पैदा हो गया। ऐसी विकट स्थिति में सिपाही सी० रायप्पन ने अपनी जान पर खेलकर आतंकवादियों के मोर्चे पर जबरदस्त धावा बोल दिया। इस कार्यवाही में उन्हें भारी चोटें आईं और वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार सिपाही सी० रायप्पन ने दृढ़ संकल्प, प्रशंसनीय पहलशक्ति, शौर्य, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

63. 2594772 सिपाही रवि कुमार ए०
मद्रास रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध की गई संक्रिया के दौरान "सी" कंपनी को एक इमारत परिसर में पश्चिमी इमारत की पहली मंजिल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। यह काम सफलतापूर्वक पूरा हुआ ही था कि सिपाही रवि कुमार ए० ने ऐसे स्थान पर शोर होते सुना जहां से शत्रु के मोर्चे का खतरा हो सकता था। एक जवान को साथ लेकर वे बड़ी तेजी के साथ सीढ़ियों से ऊपर चढ़े और इन्होंने अचानक देखा कि एक हथगोला उनके ऊपर फेंका जाने वाला था। इन्होंने फुर्ती से हथगोला पकड़ लिया और उसे निचली मंजिल की तरफ फेंककर आगे बढ़ना शुरू किया। आतंकवादियों ने तब सिपाही रवि कुमार पर एक और हथगोला फेंका जिससे उनका हाथ और शरीर जल गया। जख्मी होने के बावजूद इन्होंने लाइट मशीनगन के बैरल को झपट लिया और छेद से एक हथगोला फेंककर अंदर के सभी आतंकवादियों को शान्त कर दिया।

इस प्रकार सिपाही रवि कुमार ए० ने साहस, दृढ़ संकल्प, पहलशक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

64. 4064688 राइफलमैन हरि सिंह, (मरणोपरान्त)
गढ़वाल राइफल्स ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, को "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान 9 गढ़वाल राइफल्स एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के काम पर लगाई गई थी। इस इमारत के परिसर की भारी किलेबन्दी की हुई थी और आतंकवादियों ने उस पर मजबूती से कब्जा किया हुआ था। राइफलमैन हरि सिंह की सेक्शन को आतंकवादियों के उस मोर्चे पर धावा बोलने का आदेश दिया गया जो इस कम्पनी को आगे बढ़ने से रोक रहा था। आतंकवादियों ने बरामदे में एक खम्बे के पीछे मशीनगन लगाई हुई थी और उस स्थान पर एक खम्बे से दूसरे, दूसरे से तीसरे खम्बे से हाथ ही पहुंचा जा सकता था। सेक्शन ने आतंकवादियों के मोर्चे को साफ करने की कोशिश की लेकिन इसी बीच सेक्शन कमांडर वीरगति को प्राप्त हो गए और मशीनगन की लगातार गोलीबारी अभी भी कम्पनी को आगे बढ़ना रोक रही थी। तब राइफलमैन हरि सिंह स्वयं उस मशीनगन को शान्त करने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने खम्भों के पीछे से मशीनगन पोस्ट पर पहुंचने का प्रयास किया लेकिन एक ओर से उन पर भारी गोलीबारी हुई जिससे उनके बाएं बाजू में गोली लग गई। अपने घाव की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने मशीनगन पोस्ट पर एक हथगोला फेंका और इससे पहले कि हथगोले के विस्फोट से सहमे आतंकवादी फिर से गोलीबारी करें राइफल टिकाकर गोलियां चलाते हुए बरामदे पर धावा बोल दिया और मशीनगन चला रहे आतंकवादी से राइफल की संगीन भोंप दी। इस कार्यवाही में आतंकवादियों की दूसरी मशीनगन से उन पर गोलियों की बौछार हुई और इससे पहले कि वे झाड़ ले सकें मशीनगन की गोलियों से आहत हुए और वे वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस प्रकार राइफलमैन हरि सिंह ने पहलशक्ति, उत्कृष्ट साहस, दृढ़ संकल्प और शौर्य का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

65. 62521 टी० आर० एन० राम बहादुर, (मरणोपरान्त)
स्पेशल फ्रंटियर फोर्स कमांडो यूनिट ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जून, 1984)

5/6 जून, 1984, की रात "ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान टी० आर० एन० राम बहादुर एक इमारत के बरामदे से, जिसकी भारी किलेबन्दी की हुई थी और जिस पर आतंकवादियों ने मजबूती से कब्जा किया हुआ था, आतंकवादियों को बाहर निकालने के काम पर लगाई गई प्लाटून में शामिल थे। कमरे से आतंकवादियों को निकालने के दौरान टी० आर० एन० राम बहादुर को मशीनगन की गोली लग गई। अपने घाव की परवाह न किए बिना और अपनी सुरक्षा पर ध्यान न देते हुए उन्होंने वहां से हटाए जाने से इन्कार कर दिया और अपनी टीम के साथ आगे बढ़ते रहे। घायल होने के बावजूद उन्होंने 3 और कमरों को खाली करवा दिया और चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इस कार्यवाही में घाव से बहुत खून बहने के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार टी० आर० एन० राम बहादुर ने दृढ़ संकल्प, साहस, शौर्य और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

66. 4165151 हवलदार कल्याण सिंह,
कुमाऊं ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जून, 1984)

6 जून 1984, की सुबह आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान हवलदार कल्याण सिंह को एक इमारत के निचले तल में छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया। इस तल में पहुंचने के लिए बहुत ही तंग सीढ़ियों से जाना पड़ता था जहां से एक बार में केवल दो ही व्यक्ति निकल सकते थे। हवलदार कल्याण सिंह ने स्वयं पहल करके दरवाजा तोड़ा, उसके अन्दर दो हथगोले फेंके और साथ ही फायर करते हुए दरवाजे की तरफ दौड़े। इस समय काफी नीचे बने आलों से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। हथगोलों और स्टेनगन की गोली से घबराकर अचानक लगभग अस्सी आतंकवादी कमरे से निकल-निकल कर भागने लगे। उनको यह मालूम भी नहीं हो सका कि यह सारी कार्रवाई केवल एक ही व्यक्ति कर रहा था। हवलदार कल्याण सिंह एक एन० सी० ओ० के साथ इस तल में गए और साफ किया तथा वहां से दो राइफलें और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया ।

इस प्रकार हवलदार कल्याण सिंह ने अद्वितीय साहस, अद्भुत पहलशक्ति, शौर्य, नेतृत्व तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

67. 4172990 सिपाही रघुनाथ सिंह, (मरणोपरान्त)
कुमाऊं ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जून, 1984)

6 जून, 1984, को आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान मेजर बी० के० मिश्र के साथ सिपाही रघुनाथ सिंह रेडियो आपरेटर थे। संक्रिया के दौरान जब मेजर बी० के० मिश्र लड़ते-लड़ते गिर गए उस समय सिपाही रघुनाथ सिंह उनसे लगभग 25 मीटर पीछे थे। सिपाही रघुनाथ सिंह अपनी सुरक्षा का तनिक भी परवाह किए बिना अपने कम्पनी कमांडर को बचाने दौड़े। उनके पास पहुंचते ही उन्होंने देखा कि वे वीरगति को प्राप्त हो चुके थे। सिपाही रघुनाथ सिंह ने तुरन्त मेजर बी० के० मिश्र की कारबाइन उठाई और आतंकवादियों के मोर्चे की ओर दौड़ पड़े। लेकिन गोलियों की भारी बौछार के कारण वे भी वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस प्रकार सिपाही रघुनाथ सिंह ने साहस, शौर्य, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

68. 4173244 सिपाही जगदीश चन्द्र, (मरणोपरान्त)
कुमाऊं ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जून, 1984)

6 जून, 1984, को 0530 बजे आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान "डी" कम्पनी को एक इमारत से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था जिस पर उग्र आतंकवादियों ने मजबूती से कब्जा किया हुआ था। आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के कारण कम्पनी का आगे बढ़ना भी इमारत के बेस पर ही रुक गया। सिपाही जगदीश चन्द्र ने देखा कि साथ वाली इमारत की पहली मंजिल को जाने वाली सीढ़ियों के ऊपर से एक मशीनगन से गोलीबारी की जा रही थी। अपने जीवन की परवाह किए बिना सिपाही जगदीश चन्द्र आगे दौड़े और उस मशीनगन पर हमला करके सफलतापूर्वक उसे शान्त करा दिया जिससे उनकी कम्पनी सौंपे गए कार्य को पूरा करने में सफल हो सकी। इस कार्यवाही में उनको भारी चोटें लगीं और वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार सिपाही जगदीश चन्द्र ने पहलशक्ति, साहस, शौर्य, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि का कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

69. 2872071 लांस नायक दिलबाग सिंह,
राजपूताना राइफल्स ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 जून, 1984)

7/8 जून 1984, की रात आतंकवादी-विरोधी संक्रिया के दौरान लांस नायक दिलबाग सिंह उस दल के सदस्य थे जिस एक इमारत से आतंकवादियों को बाहर निकालने का काम सौंपा गया था। यह दल जब अपने लक्ष्य पर पहुंचा तभी आतंकवादियों ने तोप से गोलीबारी की और इमारत की छत से भी गोलीबारी शुरू कर दी। अपने कम्पनी कमांडर कैप्टन के० एस० चौधरी का युद्ध-नारा लगाते हुए सुनते ही ये अपने कम्पनी कमांडर के साथ चार दीवारी पर बने तोप मोर्चे की ओर दौड़ पड़े। तोप से आ रहे गोलों की परवाह किए बिना ये चार दीवारी फांद गए और देखा कि इनके कम्पनी कमांडर छुरे से सैस आतंकवादी से भिड़े हुए थे। ये तुरन्त आतंकवादी पर झपट पड़े जिससे इनके कम्पनी कमांडर ने तोप पर कब्जा कर लिया तथा उन्हें भारी खतरे से भी बचाया ।

इस प्रकार लांस नायक दिलबाग सिंह ने अद्भुत पहलशक्ति, दृढ़ संकल्प, अनुकरणीय साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

70. कैप्टन श्याम सुन्दर रामपाल (एम० एम० 11027), (मरणोपरान्त) आर्मी मेडिकल कोर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 जून, 1984)

"ब्लू स्टार" संक्रिया के दौरान कैप्टन श्याम सुन्दर रामपाल 10 डोगरा के रेजिमेंट मेडिकल अफसर थे। 8 जून, 1984, को यह बटालियन एक महत्वपूर्ण इमारत परिसर मे कब्जा करने मे लगी हुई थी। तभी वहा सिपाही अर्जुन सिंह को गोली लग गई जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। उनके गम्भीर रूप से हताहत होने की खबर सुनते ही कैप्टन श्याम सुन्दर रामपाल घायल जवान को चिकित्सा सहायता देने के लिए तुरन्त घटनास्थल की ओर बढ़े। जब वे चिकित्सा कर रहे थे तभी आतंकवादियों ने उनपर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी और वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आतंकवादी पास से ही गोलीबारी कर रहे थे इसलिए वे कैप्टन रामपाल और एक अन्य जवान को घसीट कर अपने कमरे मे ले गए और वहां उन दोनों का वध कर दिया

इस कार्रवाई में कैप्टन श्याम सुन्दर रामपाल ने उत्कृष्ट साहस, शौर्य, पहल-शक्ति और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों का आहुति दे दी ।

71. विंग कमांडर तजिन्दर पाल सिंह छतवाल, वी० एम० (11290), उड़ान (पायलट) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 25 जुलाई 1984)

विंग कमांडर तजिन्दर पाल सिंह छतवाल को बहुत ऊँचाई पर हवाई-अभुरक्षण सैन्य दलो का महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए चुना गया। इस सारे क्रिया कलाप के निरन्तर बदलते वृश्यो और पूर्ति की तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए विंगकमांडर तजिन्दरपाल सिंह छतवाल अपने मिशन पर फौरन जुट गए। इन्होंने बहुत सही ठिकाने पर सामान गिराकर अपनी उच्च व्यावसायिक क्षमता का परिचय दे दिया। बाद मे हालात ने ऐसे करवट बदले कि कैंप हटाकर एक खड़ी ढाल पर ले जाना पड़ा, जहा पर वस्तुओं के स्टाक की स्थिति बड़ी शोचनीय हो गई। विंग कमांडर छतवाल को जमीन से मात्र 5–10 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। 25 जलाई, 1984, को खतरो की परवाह किए बिना ये अपने मिशन पर लगे रहे और नए कैम्प पर कुल मिलाकर 17 टन साजो-सामान गिराने का काम इन्होंने पूरा कर डाला ।

विंग कमांडर छतवाल ने एक दूसरा कमाल का करतब यह किया कि फिल्म तैयार करते समय 5.7 किलोमीटर से भी अधिक ऊंचाई पर एक घण्टे से अधिक उड़ाने भरीं और 23 टन से भी अधिक माल अग्रिम चौकियों तक पहुंचाया ।

इस प्रकार विंग कमांडर तजिन्दर पाल सिंह छतवाल ने व्यावसायिक क्षमता, बौद्धिक योग्यता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

72. 643826 कारपोरल चारीवुकालायिल गोविन्दन सोमन, एयर फ्रेम फिटर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 31 जलाई, 1984)

कारपोरल चारीवुकालायिल गोविन्दन सोमन, एयर फ्रेम फिटर वे एक तकनीकी टीम का सदस्य बनने की इच्छा प्रकट की। दो चीता हेलिकाप्टरों, जिन्हे वायु अनुरक्षण मिशन के दौरान लगभग 18,000 फुट की ऊंचाई पर मजबूरन उतरना पड़ा था को ढूंढने के लिए तैनात किया गया। इसके लिए विभिन्न सामानों का बड़ी सूझ-बूझ के साथ समूहन और साथ ही मशीनी थाल से हेलिकाप्टर के निचले भाग से सामान की खोलने, पैक करने तथा लटकाने का काम अंजाम देना था। जब हेलिकाप्टरो को खोलकर नीचे उतार लाने की कार्रवाई शुरू हुई तो वायुसेना के फिटर के रूप में केवल कारपोरल सोमन ही उस टीम में ऐसे बचे थे जो मौके पर समूचे हेलिकाप्टरो को खोलने का काम खत्म सकते थे। भारी जिम्मेदारी का पूरा अहसास रखते हुए इन्होंने अपनी व्यक्तिगत असुविधाओं और स्वास्थ्य के खतरे में पड़ने की चिन्ता किए बिना लगातार घण्टों काम किया। इन्होंने चार दिनो का काम केवल डेढ़ दिन में कर दिखाया। बेस कैंप में भी वह कई हेलिकाप्टरो में हुई खराबियो को समय पर ठीक करने में बड़े सहायक सिद्ध हुए ।

31 जुलाई, 1984, को इन्हे दुबारा दूसरे हेलिकाप्टर को खोलकर उतार लाने का काम सौंपा गया। परन्तु एक घटना हो जाने के कारण पार्टी को उस भारी ऊंचाई पर बिना भोजन तथा शिविर के समय काटना पड़ा। कारपोरल सोमन ने बर्फीली दरारो मे फिसल कर गिर पड़ने के भारी जोखिम का सामना करते हुए तीन घण्टे पैदल चलकर निकटतम सेना शिविर तक चलने की पहल की। जब इनका एक साथी गहरी खाई मे जा गिरा तो वह आगे बढ़े और उसकी जान बचा ली ।

इस प्रकार कारपोरल चारीवुकालायिल सोमन ने साहस, शौर्य, क्षमता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

73. 5443621 हवलदार कृष्ण बहादुर गुरंग, (मरणोपरान्त) 5 गोरखा राइफल्स ।

[पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 नवम्बर, 1984]

5/6 नवम्बर, 1984, की रात दिल्ली के पहाड़गंज क्षेत्र में कुछ शरारती तत्व एक इमारत से निहत्थे नागरिको पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। कम्पनी कमांडर मेजर यशजीत सिंह त्यागी उस इमारत की ओर दौड़े और शरारती तत्वों द्वारा कब्जे मे की गई इमारत को घेरने के लिए अपनी पार्टी को तीन ग्रुपों मे बांट दिया। हवलदार कृष्ण बहादुर गुरंग जो पार्टी के एक सदस्य थे, उस इमारत की छत पर चढ़ गए। उन्होंने फुर्ती से कार्रवाई करके उनको अचम्भे में डाल दिया और जब वे उन पर काबू करने ही जाते थे कि उनमें से एक ने जो दीवार के पीछे छिपा था, हवलदार गुरंग पर नजदीक से ही गोली चलाई। यद्यपि उनके शरीर से बहुत खून बह रहा था फिर भी हवलदार कृष्ण बहादुर गुरंग घिसटते हुए छत के एक किनारे पर पहुंच गए और अपने साथियों को अन्य दिशाओं मे उस इमारत पर पहुंचने के लिए जोर-जोर से आवाजे देने लगे। साथ ही, लगातार गोलीबारी जारी रखकर शरारती तत्वों को घेरे रखा और उनका ध्यान दूसरे दल की गतिविधियों की ओर नही जाने दिया। वे वहां से हटाए जाने से तब तक इन्कार करते रहे जब तक कि उनके कम्पनी कमांडर ने इस बात की पुष्टि नहीं कर दी कि सभी शरारती तत्व पकड़ लिए गए। इसके बाद गम्भीर रूप से घायल होने पर उन्हे अस्पताल पहुंचाया जहां उनका मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार हवलदार कृष्ण बहादुर गुरंग ने साहस, शौर्य, अद्भुत पहल-शक्ति, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया ।

सु० नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

उद्योग और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक

आदेश

स० 27/9/85–सी० एल०–2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209क की उपधारा (1) के खण्ड (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग में श्री रखलदास मुखर्जी, सहायक निरीक्षण अधिकारी को उक्त धारा 209क के उद्देश्यों के लिए प्राधिकृत करती है ।

सी० एल० प्रथम, अवर सचिव

(औद्योगिक विकास विभाग)

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 फरवरी 1985

संकल्प

सं० सैर–II(21)/83–खण्ड 5—भारत सरकार के 22 सितम्बर 1983 के संकल्प सं० सैर—II(21)/83–खण्ड–4 में आंशिक संशोधन करते हुए, जिसमें 22 सितम्बर 1983 के संकल्प सं०–सैर–II(21)/83–खण्ड–4 के तहत संशोधन किया गया है, तकनीकी विकास महानिदेशालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली में उप-महानिदेशक, श्री एन० बिस्वास को सेवानिवृत्त औद्योगिक सलाहकार, श्री आर० थंजन, के स्थान पर सैरेमिक उद्योग की विकास नामिका का अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय किया गया है।

आदेश :—आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि आम जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० गंजवाल, निदेशक (प्रशासन)

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1985

सं० एफ० 10–3/85–यू०–5—भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के संस्था ज्ञापन पत्र और नियमावली के नियम, 3, 6 और 10 के अन्तर्गत भारत सरकार के निम्नलिखित को नामजद करने का निश्चय किया है :—

(I) श्री आनन्द स्वरूप, सचिव, शिक्षा मंत्रालय को श्रीमती सरला ग्रेवाल के स्थान पर, श्रीमती सरला ग्रेवाल के शेष कार्यकाल अर्थात् 4–3–1987 तक परिषद के सदस्य के रूप में।

(II) कुमारी रोमा मजुमदार, सचिव, समाज और महिला कल्याण मंत्रालय को, श्री आर० पी० खोसला के स्थान पर, श्री खोसला के शेष कार्यकाल अर्थात 19–12–1986 तक परिषद के सदस्य के रूप में।

एस० के० सेनगुप्त, अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 1985

No. 23-Pres/85.—The President is pleased to approve the award of 'SHAURYA CHAKRA' to the following persons for acts of gallantry :—

1. Shri Baj Singh Bhullar, P.C.S.,
Urban Ceiling Officer,
Amritsar.

(*Effective date of the award* : 18*th October*, 1982)

On the 18th October, 1982, Shri Baj Singh Bhullar, Executive Magistrate, Amritsar, was detailed for duty alongwith the police in Chowk Darbar Sahib, Amritsar. A violent mob of 400 to 500 headed by S. Harmohinder Singh Sandhu, came from the side of Chowk Ghantaghar and set on fire a Punjab Roadways Bus, a police jeep and other bus near Sarai Guru Ram Dass. Thereafter the mob started moving towards Katra Ahluwalia. Shri Surjit Singh Kahlon, Dy. Supdt. of Police, Jullundur and Shri Baj Singh Bhullar, Executive Magistrate, Amritsar were detailed to stop the advance of unruly mob to chowk Katra Ahluwalia to present a Hindu Sikh clash. Immediately Shri Bhullar alongwith the police party arrived at Chowk Katra Ahluwalia and brought the situation under control. After sometime, however, the mob, armed with deadly weapons attacked the police party and forcibly lifted Shri Surjit Singh Kahlon after injuring him with Kirpans. The infuriated mob was about to throw Shri Kahlon into a burning bus. Realising the gravity of the situation, Shri Bhullar jumped into the fray and rescued Shri Kahlon. While performing this act Shri Bhullar suffered head injuries and had to be hospitalised.

Shri Baj Singh Bhullar thus displayed exemplary courage and devotion to duty in saving a human life in utter disregard to his personal safety.

2. Shri Asok Raja Ganguly,
Student of Dinhata College,
Cooch Bihar Distt.

(*Effective date of the award* : 6*th November*, 1982)

On the 6th November, 1982, Shri Asok Raja Ganguly, son of Prof. Alok Kumar Ganguly, was studying in their first floor flat of the Dinhata College Professor's Quarters. About six individuals, claiming to be [illegible] entry into the flat and threatened Shri Asok [illegible] a pipe gun damanding money and valuables in the house. On hearing the commotion, Prof. Alok Kumar Ganguly came to the room but the dacoits pointed the gun at him.

Seeing the mortal danger to his father, Asok Ganguly grappled with the dacoits and snatched away the pipe gun. In the process he received stab injuries with a dagger. Prof. Alok Kumar Ganguly at this stage raised an alarm due to which the neighbours came to their assistance. This made the decoits run away leaving the gun and some other articles. In spite of his serious injuries, Ashok Ganguly chased them. Subsequently he had to be hospitalised for treatment of his serious injuries.

Shri Asok Raja Ganguly thus displayed conspicuous courage and bravery unmindful of the risk involved to his life.

3. 2851342 Naib Subedar Jaswant Singh, (Posthumous)
Mechanised infantry.

(*Effective date of the award* : 10*th November*, 1982)

